PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ, सोमवार 07 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com



## Aligarh News: लापरवाही पर खैर थाना प्रभारी और डायल-112 के दो पुलिसकर्मी निलंबित




कर्तव्यपालन में लापरवाही बरतने पर एसएसपी नीरज जादौन ने खैर के थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार को निलंबित कर दिया है। उनके साथ डायल-112 में तैनात दो पुलिसकर्मियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। तीनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, कोतवाली खैर के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार पर महिला संबंधी अपराध के मामले में अभियोग पंजीकृत करने में लापरवाही का आरोप है। उन पर कर्तव्य के प्रति शिथिलता बरतने का भी आरोप है। पीड़ित इसकी शिकायत लेकर एसएसपी तक पहुंच रहे थे। एसएसपी स्तर से उन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई थी। लेकिन चेतावनी के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। सीओ खैर की रिपोर्ट के आधार पर थाना प्रभारी के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। डायल-112 में तैनात मुख्य आरक्षी रामपुत्र और आरक्षी उमेश कुमार को भी निलंबित किया गया है। उन पर ड्यूटी के दौरान नैतिक दायित्व से हटकर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप है। दोनों पर कर्तव्य में लापरवाही बरतने का भी आरोप है। उनके खिलाफ भी विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। सीओ खैर का प्रभार देख रहे सीओ इगलास कमलेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

## Aligarh News: जोधपुर, दिल्ली और मुरादाबाद घूमकर बप्पा पहुंच रहे विदेश



सात दिन बाद 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। शहर के मूर्ति कारोबारी इन दिनों पीतल से बनाई गई बप्पा की मूर्तियों को देश-विदेश तक पहुंचाने में जुटे हैं। यहां बनीं प्रतिमाएं जोधपुर, दिल्ली और मुरादाबाद के माध्यम से अमेरिका, आस्ट्रेलिया और यूरोप तक निर्यात की जा रही हैं। अलीगढ़ ब्रास स्टैच्यू एंड आर्टवेयर सप्लायर एसोसिएशन के अध्यक्ष हनुमंत राम गांधी ने बताया कि पीतल के महंगा होने के बाद से निर्यात पर असर पड़ रहा है। अब देवी-देवताओं की प्रतिमाएं अलीगढ़ से जोधपुर, दिल्ली और मुरादाबाद जाती हैं, वहां से दूसरे अन्य सामानों के साथ अमेरिका, आस्ट्रेलिया और यूरोप भेजी जाती हैं। इससे भाड़ा वही रहता है और एक साथ कई सामान निर्यात किए जाते हैं। जिससे खर्च कम होता है। जयगंज के प्रमुख मूर्ति कारोबारी पंकज यादव ने बताया कि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, बिहार, ओडीशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु तक अलीगढ़ में बनी प्रतिमाएं पहुंच रही हैं। अगस्त और सितंबर में गणेश जी की मूर्तियों की मांग सबसे अधिक होती है। सेंटर प्वाइंट के प्रमुख मूर्ति कारोबारी सुशील मित्तल ने बताया कि दिवाली पर गणेश जी की जो प्रतिमा 14 हजार की थी, वह अब 21 हजार की हो गई है। एक किलो की प्रतिमा लगभग 1400 रुपये की है। मूर्तियां महंगी होने के कारण लोग पीतल की मूर्तियां कम ले रहे हैं। मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की मांग बढ़ रही है।

## Aligarh News: स्टेडियम में ट्रेनिंग के लिए अब ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य




स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाले 18 वर्ष से कम आयु के प्रशिक्षणार्थियों और शौकिया खिलाड़ियों के लिए अब ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। नकद शुल्क पर पूरी तरह रोक लग गई है। खिलाड़ियों का पंजीकरण अब केवल खेल साथी पोर्टल पर विकसित किए गए एथलीट पंजीकरण फॉर ट्रेनिंग मॉड्यूल के माध्यम से ही किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत खिलाड़ी स्वयं खेल साथी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और निर्धारित विभागीय शुल्क भी ऑनलाइन ही जमा करेंगे। मॉड्यूल में विभागीय लेखा शीर्षक को एकीकृत किए जाने के कारण जमा होने वाला विभागीय राजस्व सीधे ई-कोषागार/ई-राजकोष में दर्ज एवं जमा होगा। खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के खाते में जमा की जाने वाली निर्धारित धनराशि भी अब नकद नहीं ली जाएगी। संबंधित जनपद द्वारा संचालित अधिकृत बैंक खाते में यह राशि क्यूआर कोड या अन्य ऑनलाइन माध्यम से जमा कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित कार्यालय स्थानीय प्रशासन और बैंक से समन्वय स्थापित कर अधिकृत क्यूआर कोड प्राप्त करेंगे और खिलाड़ियों को शुल्क जमा करने के लिए उपलब्ध कराएंगे।

**ऑफलाइन पंजीकरण पर रोक**

जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता ने बताया कि स्टेडियम में प्रशिक्षणार्थी या शौकिया खिलाड़ी का ऑफलाइन पंजीकरण नहीं किया जाएगा। खिलाड़ी के ऑनलाइन पंजीकरण के बाद संबंधित कार्यालय द्वारा आवेदन स्वीकार करने और निर्धारित शुल्क प्राप्त होने पर खेल साथी पोर्टल पर उसका आईडी कार्ड स्वतः जनरेट होगा। खिलाड़ी इसे पोर्टल से स्वयं डाउनलोड कर सकेगा। यही पहचान-पत्र स्टेडियम में प्रवेश और प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य होगा।

## अलीगढ़: तहसील परिसर में चोरों का आतंक, छुट्टी में वकीलों के चैंबरों को बनाया निशाना, एसी के कॉपर पाइप चोरी




वकीलों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है; इससे पहले 17 अगस्त को भी ऐसी ही चोरी की घटना हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाना बन्नादेवी में दर्ज कराई गई थी। लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण आज तक एक भी चोर पकड़ा नहीं जा सका है। अलीगढ़ की तहसील कोल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए चोरों ने एक बार फिर दुस्साहस का परिचय दिया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवकाश के दिन जब पूरा शहर पर्व के उल्लास में डूबा था, तब चोरों ने वकीलों के चैंबरों को अपना निशाना बना डाला। अवकाश के सन्नाटे का फायदा उठाकर अज्ञात चोर चैंबरों से कीमती एसी के कॉपर पाइप उखाड़ कर फरार हो गए। मामला दर्ज कराते हुए बार एसोसिएशन के महासचिव रामवीर सिंह एडवोकेट ने बताया कि इस बार उनके खुद के चैंबर के साथ-साथ साथी अधिवक्ताओं अर्जुन सिंह एडवोकेट और जिया उर्रहमान एडवोकेट के चैंबरों से एसी के कॉपर पाइप चोरी हुए हैं। वकीलों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है; इससे पहले 17 अगस्त को भी ऐसी ही चोरी की घटना हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाना बन्नादेवी में दर्ज कराई गई थी। लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण आज तक एक भी चोर पकड़ा नहीं जा सका है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

अधिवाक्ताओं के विरोध और लिखित तहरीर के आधार पर थाना बन्नादेवी में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। क्षेत्राधिकार द्वितीय धनंजय कुमार के मुताबिक मामले की जांच उपनिरीक्षक सुधीर कुमार को सौंपी गई है। पुलिस तहसील परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की जल्द से जल्द पहचान की जा सके।

## Aligarh News: आज से अलीगढ़ से कानपुर जाना होगा आसान



**नई दिल्ली-कानपुर सेंट्रल और आनंद विहार टर्मिनल-कानपुर सेंट्रल के बीच सोमवार से दो आरक्षित विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। खास बात यह है कि दोनों ट्रेनों का अलीगढ़ में ठहराव होगा। चार दिन नई दिल्ली और तीन दिन आनंद विहार टर्मिनल से चलने वाली इन ट्रेनों के जरिए अलीगढ़ के यात्रियों को सप्ताह के सभी सात दिन कानपुर आने-जाने की सुविधा मिलेगी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ शिवम शर्मा ने बताया कि विशेष ट्रेनों के संचालन से दिल्ली और कानपुर के बीच रोजाना की यात्रा अधिक सुगम होगी। कानपुर उत्तर प्रदेश का बड़ा औद्योगिक केंद्र होने के कारण व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। दिल्ली से कच्चा माल और अन्य सामान लाने-ले जाने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। गाड़ी संख्या 02456 नई दिल्ली-कानपुर सेंट्रल आरक्षित विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस का संचालन 07 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को किया जाएगा। ट्रेन नई दिल्ली से सुबह 07:45 बजे रवाना होकर अलीगढ़ में सुबह 09:52 बजे, इटावा में 11:55 बजे पहुंचेगी और दोपहर 1:15 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02455 कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली आरक्षित विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस कानपुर से दोपहर 03 बजे रवाना होगी। यह इटावा में शाम 4:20 बजे और अलीगढ़ में शाम 6:15 बजे पहुंचेगी, जबकि रात 8:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।**

## सीमा पर छूटा सीसई: अलीगढ़ के आखिरी गांव का हाल-बेहाल, न बनी पक्की सड़क और न अस्पताल



ग्रामीण डालचंद्र ने बताया कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव का रुख नहीं करते। पिछली बार सांसद सतीश गौतम के लिए उनके बेटे यहां प्रचार के लिए आए, लेकिन जीतने के बाद कोई प्रतिनिधि गांव लौटकर नहीं आया। बुलंदशहर की सीमा से सटे इस गांव में पक्की सड़क के बजाय कीचड़ भरी गलियां हैं, कई घर आज भी कच्चे हैं और इलाज के लिए ग्रामीणों को अतरौली तक दौड़ लगानी पड़ती है। 300 घर और 800 की आबादी वाले सीसई में दिन-रात चटाई बनाने का काम होता है। हर महीने यहां से 10-12 ट्रक चटाई अलीगढ़ के अलावा आगरा, फतेहाबाद, शमशाबाद, इटावा, मैनपुरी, महाराष्ट्र और फर्रुखाबाद तक भेजी जाती है। इस काम से रोज 500 से 700 रुपये तक की कमाई हो जाती है। फिर भी यहां सरकारी योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच अब भी सवाल बनी हुई है। सीमा पर छूटा यह विकास सिर्फ सड़क और अस्पताल की कहानी नहीं, बल्कि उन बच्चों की भी कहानी है जिनके हाथों में किताबों की जगह चटाई की पट्टियां उलझी हैं। गांव में 100 से अधिक बच्चे हैं, लेकिन प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सिर्फ 25 बच्चों का है और एक दिन में अधिकतम 15 बच्चे ही पहुंचते हैं। सवाल पूछा तो ग्रामीण तंज कसते हैं कि विकास तो दूर यहां नालियां तक नहीं बनीं। हर बार वोट मांगने नेताओं के चेले-चपाटे आते हैं लेकिन कभी जनप्रतिनिधि ने यहां आकर इनकी पीड़ा नहीं सुनी। अफसर साल में कभी-कभार आते हैं। इन्हें ये भी नहीं पता कि अभी जिलाधिकारी कौन है? मुझे मिलाकर यहां तीन शिक्षक हैं। बच्चों को स्कूल तक लाने का प्रयास रहता है। हाजिरी कम होने पर घरों में जाकर संपर्क भी करते हैं। - मोहम्मद अब्बास, प्रधानाध्यपक प्राथमिक विद्यालय सीसई मैं अपनी गाड़ी से मरीज अस्पताल भेजती हूं। सड़क बनी थी लेकिन यहां ट्रक आते हैं, इसलिए अब खड़ंजा दिख रहा है। शौचालय की किस्त जिन्हें मिली, उन्होंने उसे खर्च कर दिया। - सूरजवती, प्रशासक सीसई।

**32 बार खिंचवाए फोटो, नहीं मिला मकान**

सीसई के 62 वर्षीय रघुवीर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कम से कम 32 बार उनका फोटो लिया गया। कभी इधर तो कभी उधर से उनके घर और परिवार के फोटो खींचे गए, लेकिन अब तक मकान नहीं मिला। कई बार जिला मुख्यालय जाकर इसका जवाब भी लेने की कोशिश की, लेकिन किसी ने कोई सहायता नहीं की। आखिर में उन्होंने यह स्वीकार कर लिया कि सीसई की किस्मत नहीं बदलेगी।

**कागज गए, सिलिंडर नहीं आया**

रघुवीर की तरह गांव की 66 वर्षीय देवकी ने कहा कि साल भर पहले एक शिविर लगा, जिसमें उन्होंने अपने कागज दिए लेकिन आज तक उन्हें न पेंशन मिली और न मुफ्त सिलेंडर। देवकी के पास खड़ी 24 वर्षीय संतोषी ने बताया कि उनकी मां को भी कभी पेंशन नहीं मिली। उन्होंने खुद कई बार ऑनलाइन आवेदन किया, फिर भी लाभ नहीं मिला।

**बुखार में भी अतरौली का सहारा**

ग्रामीण सोरन सिंह कहते हैं कि गांव में अस्पताल नहीं है। बच्चे को बुखार तक आ जाए तो अतरौली लेकर जाना पड़ता है। रोडवेज बस स्टैंड नहीं होने से आपात स्थिति में वाहन किराए पर लेना पड़ता है। गर्भवती महिला की मासिक जांच तो दूर प्रसव के लिए अस्पताल ले जाने के लिए गांव वाले अपने साधन लेकर जाते हैं। उन्होंने छह ऐसे मामले गिनाए जिनमें देरी के चलते घर में ही प्रसव हो गया।

**वोट के बाद गांव की जरूरत नहीं**

ग्रामीण डालचंद्र ने बताया कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव का रुख नहीं करते। पिछली बार सांसद सतीश गौतम के लिए उनके बेटे यहां प्रचार के लिए आए, लेकिन जीतने के बाद कोई प्रतिनिधि गांव लौटकर नहीं आया। इसी तरह यहां के स्थानीय विधायक संदीप सिंह प्रदेश में शिक्षा राज्य मंत्री हैं। उनके दादा कल्याण सिंह और पिता पूर्व सांसद राजवीर सिंह हैं। डालचंद्र के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के समय गांव में कई बार शिविर लगते थे, लेकिन अब उनके परिवार से वहां कोई नहीं आता।

## Aligarh News: एएमयू और डॉ. श्रॉफ आई हॉस्पिटल मिलकर मजबूत करेंगे नेत्र बैंकिंग



कॉर्निया से होने वाले अंधत्व की रोकथाम पर फोकस, प्रशिक्षित परामर्शदाता और विशेषज्ञ प्रशिक्षण से क्षमता बढ़ेगी। एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज के नेत्र विज्ञान संस्थान और नई दिल्ली स्थित डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल ने नेत्र बैंकिंग सेवाओं को मजबूत करने के लिए सहयोग करने पर सहमति जताई है। डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के प्रतिनिधिमंडल ने एएमयू की कुलपति प्रो. नईमा खातून, सहकुलपति प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान और कुलसचिव प्रो. आसिम जफर से मुलाकात की। एएमयू में नेत्रदान और नेत्र बैंकिंग गतिविधियों को प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। नेत्र बैंकिंग, परामर्शदाता प्रशिक्षण, विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के लिए दोनों संस्थानों के बीच औपचारिक समझौता करने पर सहमति बनी। जल्द ही इसके लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

**आठ सितंबर तक कॉर्नियल संक्रमण की दी जानकारी**

नेत्रदान पखवाड़ा के तहत जेएन मेडिकल कॉलेज के नेत्र विज्ञान संस्थान में कॉर्निया संक्रमण और कॉर्निया से होने वाले अंधत्व की रोकथाम विषय पर विशेष कार्यशाला हुई। कार्यशाला में डॉ. मनीषा आचार्य और राखी नथालिया ने डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल की ओर से, जबकि प्रो. जिया सिद्दीकी और डॉ. मोहम्मद साकिब ने एएमयू नेत्र बैंक की ओर से सहभागिता की। आई बैंक के असिस्टेंट इंचार्ज डॉ. मोहम्मद साकिब ने बताया कि कार्यशाला में कॉर्नियल संक्रमण के निदान और उपचार पर प्रशिक्षण को विशेष महत्व दिया गया।

## Aligarh News: रम्पुटा चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षक घोषित

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रम्पुटा) के चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 19 सितंबर को चुनाव होगा। चुनाव को संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी, पर्यवेक्षक और चुनाव संचालन समिति का गठन कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी प्रो. महावीर सिंह छोकर प्राचार्य पीसी बागला महाविद्यालय हाथरस, प्रो. लकी गुप्ता प्राचार्या श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ और प्रो. मुकेश भारद्वाज प्राचार्य धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव की निगरानी के लिए फुपुक्टा अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह चौहान और महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है।

**अनुभवी शिक्षकों की चुनाव संचालन समिति**

चुनाव के सुचारू संचालन के लिए आगरा विवि शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रक्षपाल सिंह को चुनाव संचालन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति के सदस्य पूर्व प्राचार्य प्रो. पंकज वार्ष्णेय, डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. डीके गौड़, डॉ. पीके शर्मा, प्रो. ब्रजरानी, डॉ. भरत सिंह, डॉ. बीपी पांडेय होंगे। रम्पुटा अध्यक्ष प्रो. हरीश शर्मा को चुनाव संचालन समिति का सचिव बनाया गया है। समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. निशान चौहान होंगे।

# 'बचा लो..':बाहर निकाला तो बच्चे के हाथ में किताब, मलबे में फंसे युवक की आंखों से झांकती बेबसी ने किया द्रवित

दिल्ली इमारत हादसे में भावुक करने देने वाला पल भी सामने आया। बचाव कार्य के दौरान जब एक बच्चे को मलबे से बाहर निकाला गया तो उसके हाथ में किताब थी। वहीं, मलबे में फंसे युवक ने वीडियो बनाकर बाहर भेजा तो एक ने फोन कर कहा कि हमें बचा लो। हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें घायल छात्र आदित्य मलबे में दबा दिखाई दे रहा है। उसकी आंखों से झांकती बेबसी ने हर किसी को द्रवित कर दिया।दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में 30 साल पुरानी पांच मंजिला इमारत भरभराकर ढह गई। हॉस्टल डेज नाम की इस इमारत में छात्रों का पीजी हॉस्टल संचालित हो रहा था। घटना में छह लोगों की मौत हो गई जबकि मलबे में 30 से 40 छात्रों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। देर रात तक मलबे से 12 को निकाला गया था, जिनमें से छह की मौत हो गई। पांच घायल एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हैं।दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के मुताबिक, हादसा दोपहर 1:33 बजे हुआ। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में छात्र अपने कमरों में थे। दमकल विभाग की 8 गाड़ियों समेत कई बचाव दल मौके पर पहुंचे। हालांकि इससे पहले स्थानीय लोग और पास की इमारतों के छात्रों ने मलबा हटाना शुरू कर दिया था। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की दो टीमों के 70 जवान और डॉग स्क्वाड भी मौके पर है। एम्स के अनुसार, चार छात्र मृत अवस्था में लाए गए थे जबकि एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक की मौत देर रात हुई। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त इमारत के बेसमेंट में मजदूर खोदाई का कार्य कर रहे थे। यह इलाका दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के नजदीक है। बड़ी संख्या में छात्र यहां रहते हैं।






**चार मंजिल से ऊपर की अवैध इमारतें होंगी सील**

दिल्ली नगर निगम ने चार मंजिल से अधिक के सभी अवैध निर्माण तत्काल प्रभाव से सील करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मेयर प्रवेश वाही ने रविवार रात यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

**मलबे में फंसा था, वीडियो बनाकर बाहर भेजा... एक ने फोनकर कहा-हमें बचा लो**

मलबे के नीचे से चीखने की आवाजें आ रही थीं। बचाओ-बचाओ की पुकार सुनाई दे रही थी। मलबे में ही फंसे कुछ बच्चों ने किसी तरह फोन कर कहा-हादसा हो गया, हमें बचा लो। मौके पर पहुंचे एक छात्र ने बताया कि अंदर फंसे उसे दोस्त ने फोन पर कहा... कैसा हादसा हो गया, हमें बचा लो, यहां से निकाल लो। वहीं, मलबे में फंसे एक छात्र ने 10 सेकंड का वीडियो बनाकर अपने दोस्त को भेजा। उसने यह वीडियो पीजी ग्रुप में साझा भी किया। इस वीडियो में मलबे का ढेर दिख रहा है और वह खुद इसके बीच फंसा हुआ है।

**बाहर निकाला तो हाथ में थी किताब**

दर्दनाक हादसे का सबसे भावुक पल वह था, जब एक बच्चे को निकाला गया तो उसके हाथ में किताब थी। बचाव कार्य में लगे लोगों ने यह किताब दिखाकर कहा, यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासन की लापरवाही और व्यवस्था की विफलता का दर्दनाक प्रमाण है।

**दोस्तों को खून से लथपथ देख सहमे छात्र**

बचाव अभियान के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और छात्रों के परिजन पहुंच गए। एक छात्र ने बताया कि अंदर फंसे उसके दोस्त ने फोन पर बचाने की गुहार लगाई। जैसे-जैसे बच्चे निकाले जा रहे थे, उन्हें खून से लथपथ देख लोग सहम उठे। कई लोग अपने बच्चों की खोज-खबर लेने के लिए भटकते रहे।

**भाई एक महीने पहले ही आया, कल रात बात हुई, अब नहीं मिल रहा**

अपने भाई को ढूंढती प्रियांशी सबको भावुक कर गई। उनका भाई हादसे के बाद से ही लापता है। उसने कहा, मेरा भाई इमारत में था। मैं यहां आई, पर मुझे कोई जानकारी नहीं है कि वह

## मौसम का हाल: दिल्ली में आज भी बारिश के आसार; किन राज्यों में जमकर बरसेंगे बादल, कहां सताएगी गर्मी?

दिल्ली में सोमवार को एक बार फिर बारिश के आसार हैं और कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछार पड़ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में आज इस सप्ताह की सबसे ज्यादा बारिश हो सकती है, जबकि मंगलवार से बारिश कम होगी। दूसरी ओर, उत्तर, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। आखिर आपके राज्य में बारिश होगी या गर्मी और उमस परेशान करेगी? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...दिल्ली में सोमवार को एक बार फिर बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में आज कई जगह हल्की बारिश होगी, जबकि कुछ इलाकों में मध्यम बारिश भी हो सकती है। सुबह और दोपहर से पहले गरज के साथ बिजली चमकने की भी संभावना है। दोपहर से शाम के बीच फिर हल्की बारिश हो सकती है। रविवार को हुई




बारिश से उमस से परेशान लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में जलभराव ने परेशानी बढ़ा दी। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार इस सप्ताह दिल्ली में बारिश के लिहाज से सबसे सक्रिय दिन रहेगा। इसके बाद मंगलवार से बारिश की गतिविधियां घटेंगी और मौसम धीरे-धीरे सूखा होने लगेगा।दिल्ली के मौसम पर उत्तर प्रदेश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से और उससे लगे इलाकों में बने कम दबाव के क्षेत्र का असर बना हुआ है। यही वजह है कि राजधानी और आसपास के इलाकों में बादल और बारिश का सिलसिला जारी है। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं, एक दिन पहले गुरुग्राम के कई प्रमुख रास्तों पर भी जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को सद्भावना पार्क और आसपास की सड़कों का औचक निरीक्षण कर स्थानीय हालात का जायजा लिया।

**क्या दिल्ली में कल से मौसम साफ होने लगेगा?**

8 सितंबर से दिल्ली में बारिश की गतिविधि कम होने का अनुमान है। मंगलवार को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रह सकता है और अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 9 और 10 सितंबर को अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री और न्यूनतम 24 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 11 और 12 सितंबर को भी आसमान में बादल रह सकते हैं, लेकिन बारिश का अनुमान नहीं है। इन दोनों दिनों में दिन का तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। यानी दिल्ली वालों को सोमवार की बारिश के बाद धीरे-धीरे राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन बादल और उमस पूरी तरह खत्म नहीं होगी।

## गोंडा: पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो छात्रों की मौत; दोनों कोचिंग जा रहे थे, रास्ते में हादसा हो गया





गोंडा में पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों कोचिंग पढ़ने जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। यूपी के गोंडा में पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों कोचिंग पढ़ने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। आगे की कार्रवाई की जा रही है।हादसा खरगूपुर-इटियाथोक मार्ग पर देवरिया कला गांव के पास हुआ। हादसे में विपिन मौर्य (16) और अमन (14) की मौत हुई है। दोनों खरगूपुर थाना क्षेत्र के भट्टपुरवा के रहने वाले थे। विपिन 10वीं तो अमन 9वीं में क्षेत्र के ही गुरुकुल मदन मोहन इंटर से पढ़ाई कर रहे थे। बताया गया कि सुबह करीब 6:30 बजे दोनों एक ही बाइक से पिपरा बोधर गांव में कोचिंग पढ़ने जा रहे थे। रास्ते में पिकअप से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिली तो परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खरगूपुर ले जाया गया। वहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि पिकअप की टक्कर से दोनों छात्रों की मौत हुई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## अंकित हत्याकांड: दोस्ती-रिश्तेदारी का नेटवर्क बना हत्या का आधार गोगी गैंग ने अपनों को बनाया शूटर और मददगार




अंकित बालियान हत्याकांड की जांच में पुलिस ने गोगी गैंग के दोस्ती और रिश्तेदारी के नेटवर्क का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक इसी नेटवर्क के जरिए शूटर और मददगार चुने गए और वारदात को अंजाम देने की रणनीति बनाई गई।हरियाणवी गायक अंकित बालियान हत्याकांड की जांच में गोगी गैंग के कथित दोस्ती और रिश्तेदारी के नेटवर्क की परतें खुलने का दावा पुलिस ने किया है। पुलिस के अनुसार गैंग ने अपनी गतिविधियों को छिपाने के लिए सीधे बाहरी लोगों पर भरोसा करने के बजाय दोस्तों और रिश्तेदारों को ही अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपीं। किसी को दोस्ती के नाम पर गैंग से जोड़ा गया तो किसी को रिश्तेदारी के भरोसे जिम्मेदारी दी गई।

**पुलिस का दावा- रिश्तों के भरोसे खड़ा किया नेटवर्क**

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, जांच में सामने आया है कि कनाडा में बैठा गैंग सदस्य चिराग, गोगी गैंग के सरगना भोलू का भतीजा है। इसी तरह अमेरिका में बैठा मोंटी, जितेंद्र गोगी का भतीजा बताया गया है। करनाल जेल में बंद राकेश उर्फ पंपू को भी वांछित एक लाख रुपये के इनामी शूटर सत्यम का दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा है।

**शूटरों के बीच भी दोस्ती का कनेक्शन**

जांच में सोनीपत के शूटर मोहित और सुमित के बीच दोस्ती का कनेक्शन सामने आने की बात कही गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों को दोस्ती की दुहाई देकर गैंग से जोड़ा गया। इसी तरह सत्यम और आर्यन को भी आपस में दोस्त बताया गया है। पुलिस के मुताबिक दोनों को भी इसी दोस्ती के आधार पर नेटवर्क का हिस्सा बनाया गया।पुलिस के अनुसार दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद रोहित भी भोलू का रिश्तेदार है। पुलिस का मानना है कि दोस्ती और रिश्तेदारी के नेटवर्क के जरिए गैंग ने अपने बीच भरोसे की एक ऐसी कड़ी तैयार की, जिससे बाहरी लोगों की भूमिका कम हो और पुलिस के लिए सीधे मुख्य नेटवर्क तक पहुंचना मुश्किल हो।

## उन्नाव: गंगा के बढ़े जलस्तर में बह गया शिवराजपुर-कालीमिट्टी मार्ग, बढ़ी लोगों की मुश्किलें



शिवराजपुर-कालीमिट्टी मार्ग गंगा के बढ़े जलस्तर में बह जाने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।गंगा के बढ़े जलस्तर से कटान की चपेट में आया शिवराजपुर-कालीमिट्टी मार्ग सोमवार सुबह पानी में बह गया। पानी दोनों ओर पार हो जाने से लोगों का पैदल आवागमन बंद हो गया। इससे 50 गांवों के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मामले की जानकारी मिलते ही पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने मजदूरों के जरिए बोरियां लगाकर मार्ग को बचाने की कवायद शुरू की है। मालूम हो कि यह मार्ग शिवराजपुर से होते हुए कानपुर को जोड़ता है। पूर्व में कटान के चलते इससे वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था।

## हिमाचल में बारिश का कहर: 85 सड़कें बंद, 59 ट्रांसफार्मर ठप, छह पेयजल योजनाएं प्रभावित; अब तक 438 लोगों की मौत




हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की 7 सितंबर सुबह 10 बजे की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 85 सड़कें बंद हैं। 59 बिजली ट्रांसफार्मर बाधित हैं, जबकि छह पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। मंडी में सबसे अधिक 36 और कुल्लू में 22 सड़कें बंद हैं। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश का असर अभी थमा नहीं है। लगातार हो रही बारिश के बीच सोमवार सुबह तक प्रदेश के कई हिस्सों में सड़क, बिजली और पेयजल सेवाएं प्रभावित रहीं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की 7 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कुल 85 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा 59 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर (DTR) बाधित हैं और छह पेयजल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। बारिश से सबसे ज्यादा असर मंडी जिले में दिखाई दे रहा है। यहां 36 सड़कें बंद हैं। इनमें सेराज में 30, सुंदरनगर में एक, सरकाघाट में तीन और थलौट में दो सड़कें शामिल हैं। इसके साथ ही जिले में 40 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। जोगिंद्रनगर में ही 35 ट्रांसफार्मर प्रभावित बताए गए हैं। कुल्लू में 22 सड़कें बंद हैं। जिला रिपोर्ट के अनुसार कुल्लू उपमंडल में चार, बंजार में दो, आनी में 12 और निरमंड में चार सड़कें अवरुद्ध हैं। निरमंड क्षेत्र में 10 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। कांगड़ा में भी बारिश के कारण सात सड़कें बंद हैं। इनमें कांगड़ा उपमंडल की एक, शाहपुर की चार, पालमपुर की एक और देहरा की एक सड़क शामिल है। किन्नौर में सात सड़कें बंद होने के साथ कलपा क्षेत्र में सात बिजली ट्रांसफार्मर बाधित हैं। रिपोर्ट में पुरवानी, काशंग इंटेक साइट और तेलंगी क्षेत्र को प्रभावित क्षेत्र बताया गया है। सिरमौर में 13 सड़कें बंद हैं। नाहन में पांच, राजगढ़ में दो और संगड़ाह में छह सड़कें प्रभावित हैं। शिमला में रामपुर और सुन्नी उपमंडल की एक-एक यानी कुल दो सड़कें बंद हैं। यहां दो ट्रांसफार्मर और पांच पेयजल योजनाएं भी प्रभावित बताई गई हैं। चंबा में एक पेयजल योजना बाधित है, जबकि लाहौल-स्पीति के उदयपुर में एक सड़क बंद है। सोलन के कसौली उपमंडल में एक और ऊना में तीन सड़कें बंद हैं।

**मानसून में अब तक 438 लोगों की मौत**

राज्य सरकार के संचयी नुकसान आंकड़ों के अनुसार 30 जून से 6 सितंबर 2026 तक मानसून अवधि में आपदा से 110 लोगों की मौत दर्ज की गई है। इनमें भूस्खलन, बाढ़, डूबने, बिजली गिरने, करंट लगने, पेड़ या चट्टान से गिरने समेत अन्य कारण शामिल हैं। इसके अलावा सड़क हादसों में 164 लोगों की मौत हुई है। कुल नुकसान की बात करें तो राज्य में मानसून के दौरान अब तक 1,24,273.23 लाख रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में निजी और सार्वजनिक संपत्ति, सड़क, बिजली, पेयजल समेत विभिन्न क्षेत्रों को हुए नुकसान का विवरण दिया गया है। फिलहाल प्रदेश में बारिश से प्रभावित सड़कों और अन्य जरूरी सेवाओं को बहाल करने की चुनौती बनी हुई है। सुबह 10 बजे की स्थिति में सबसे ज्यादा सड़क बाधित होने वाले जिलों में मंडी और कुल्लू आगे हैं।

## यमन में फिर भड़की जंग?: हूतियों और सेना में भीषण लड़ाई, चार दिन में 117 लोगों की हुई मौत




यमन के पश्चिमी प्रांतों ताइज और होदेइदाह में हूती समूह और सेना के बीच चार दिनों से भीषण लड़ाई जारी है। संघर्ष में अब तक कम से कम 117 लोगों की मौत हुई है। सेना ने हूथियों के कब्जे वाले कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई कर उन्हें वापस अपने कब्जे में लिया है। पश्चिमी प्रांतों ताइज और होदेइदाह में यमनी सरकारी सेना और हूती समूह के बीच चार दिनों से भीषण झड़प चल रही है। इसमें अबतक कम से कम 117 लोग मारे गए हैं। यह जानकारी मेडिकल अधिकारियों ने दी।

**मेडिकल अधिकारी ने क्या बताया?**

पश्चिमी तट के मोर्चे पर सरकारी सेना के साथ मौजूद एक वरिष्ठ मेडिकल अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि गुरुवार को लड़ाई शुरू होने के बाद से सरकारी सेना के 54 सैनिक मारे गए हैं। कई अन्य घायल हुए हैं। वहीं, पश्चिमी होदेइदाह प्रांत में हूती -नियंत्रित अस्पतालों के दो मेडिकल सूत्रों ने बताया कि इसी दौरान हूती समूह के 63 सदस्य मारे गए, जिससे दोनों पक्षों की कुल मरने वालों की संख्या 117 हो गई।

**क्या है पूरा मामला?**

यमनी सरकार के लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को होदेइदाह और ताइज के पश्चिमी प्रांतों में हूती -नियंत्रित इलाकों पर हमले किए। ये हमले रणनीतिक बाब अल-मंदाब जलडमरूमध्य के पास हूती समूह के बड़े हमले का सामना कर रही जमीनी सेना की मदद के लिए किए गए थे।

**हूती लड़ाकों ने क्या किया था?**

अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि ये हवाई हमले ऐसे समय में किए गए जब दोनों प्रांतों में कई मोर्चों पर जबरदस्त लड़ाई चल रही थी। हूती लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में तेजी से आगे बढ़ते हुए कई इलाकों पर कब्जा कर लिया था।

**लड़ाकू विमानों ने किस जगहों को निशाना बनाया?**

अधिकारी ने कहा कि लड़ाकू विमानों ने उन इलाकों में हूती ठिकानों और गतिविधियों को निशाना बनाया जहां जमीनी लड़ाई चल रही थी। हमलों या हताहतों के बारे में और जानकारी तुरंत उपलब्ध नहीं हो सकी। सरकार के एक सैन्य अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि हूती सदस्यों द्वारा कब्जा किए जाने के कुछ ही घंटों बाद, सरकारी सेना ने रात भर चले एक तेज जवाबी हमले में पश्चिमी ताइज में कई महत्वपूर्ण ठिकानों को वापस अपने कब्जे में ले लिया। हालिया तनाव पश्चिमी यमन में पिछले कुछ वर्षों की सबसे भीषण जमीनी लड़ाइयों में से एक है। इससे देश के कई मोर्चों पर वर्षों की सापेक्ष शांति के बाद बड़े पैमाने पर लड़ाई फिर से शुरू होने की चिंता बढ़ गई है।

**यमन कब से संघर्ष में फंसा है?**

यमन 2014 के अंत से ही संघर्ष में फंसा हुआ है, जब हूती समूह ने सना और उत्तरी यमन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमनी सरकार के समर्थन में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अगले साल हस्तक्षेप किया था।

## 'चांद हमारा है': अमेरिकी झंडे के साथ शेयर की तस्वीर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया नया दावा



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चंद्रमा को 'अमेरिका का' बताते हुए सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा की। तस्वीर में चांद पर अमेरिकी झंडा और 'चंद्रमा हमारा है' लिखा था। यह पोस्ट अमेरिकी स्पेस फोर्स की नई वर्दी की एआई तस्वीरें साझा करने के कुछ मिनट बाद की गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि चंद्रमा अमेरिका का है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर चंद्रमा की एक तस्वीर पोस्ट की, जिस पर 'चंद्रमा हमारा है' लिखा था। उन्होंने तस्वीर के साथ अमेरिकी झंडा भी लगाया।

**अमेरिकी अंतरिक्ष बल की नई वर्दी कैसी है?**

चंद्रमा की तस्वीर पोस्ट करने से कुछ मिनट पहले, ट्रंप ने अमेरिकी अंतरिक्ष बल की नई काली वर्दी की एआई-जनरेटेड तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने रंगों का वर्णन "स्पेस ग्रे, मिडनाइट ब्लैक, सिल्वर ग्रे और सैटिन ब्लैक" के रूप में किया। वर्दी में कंधे और कॉलर पर प्रतीक चिन्ह, आस्तीन पर पैच और एक बेल्ट थी।

**न्यू मैक्सिको का नया नाम क्या रखा?**

वहीं, ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में न्यू मैक्सिको का नाम बदलकर ' न्यू अमेरिका' रखने का भी सुझाव दिया। उन्होंने पोस्ट किया, "कई लोगों ने न्यू मैक्सिको का नाम बदलकर। न्यू अमेरिका रखने का सुझाव दिया। उस संभावित रूप से अविश्वसनीय राज्य के लोगों के लिए यह कितना अधिक प्रतिष्ठित और सुंदर नाम होगा। वाह, मुझे यह बहुत पसंद आया।' व्हाइट हाउस ने इस विचार का समर्थन किया। एक पोस्ट में 'मेक्सिको' को काटकर उसकी जगह 'अमेरिका' लिखा हुआ दिखाया गया था।

**न्यू मैक्सिको की गवर्नर ने क्या जवाब दिया?**

न्यू मैक्सिको की गवर्नर मिशेल लुजान ग्रिशम ने फॉक्स न्यूज पर जवाब देते हुए कहा कि राज्य का नाम विवाद का विषय नहीं है यह संयुक्त राज्य अमेरिका के अस्तित्व में आने से पहले से ही हमारा है।' उन्होंने कहा कि ट्रंप ईंधन की बढ़ती कीमतों जैसे मुद्दों से अमेरिकियों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। न्यू मेक्सिको को यह सुझाव देने से पहले एक आदेश जारी किया गया था। कुछ दिन पहले, ट्रंप ने कनाडा के साथ व्यापार विवाद के बीच लेक ओंटारियो का नाम बदलकर "लेक अमेरिका" करने वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने 27 अगस्त को ओवल ऑफिस से इस घोषणा की थी। लेक ओंटारियो कनाडा-अमेरिका सीमा पर स्थित पांच ग्रेट लेक्स में से एक है। इसका नाम कनाडा के ओंटारियो प्रांत और न्यूयॉर्क राज्य के साथ मिलता-जुलता है। टोरंटो इसके उत्तर-पश्चिमी तट पर स्थित है।

## सुपरहीरो अंदाज में दिखे डोनाल्ड ट्रंप: सीमा पर दीवार लगाकर रोके अवैध अप्रवासी, व्हाइट हाउस ने जारी किया वीडियो




व्हाइट हाउस के एआई वीडियो में डोनाल्ड ट्रंप को ग्रीन लैंटर्न के अंदाज में दिखाया गया है। हाथ में चमकती रिंग और चारों ओर हरी रोशनी नजर आती है। वीडियो में ट्रंप को इमिग्रेशन, अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और सैन्य ताकत बढ़ाते हुए दिखाया गया है। अमेरिकी राजनीति में अब सुपरहीरो का तड़का भी लग गया है। व्हाइट हाउस ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर ग्रीन लैंटर्न (Green Lantern) थीम पर एक एआई वीडियो जारी किया है। वीडियो में ट्रंप को हरे रंग की रोशनी और सुपरहीरो जैसी ताकत के साथ दिखाया गया है, जो ग्रीन लैंटर्न के मशहूर पावर रिंग से प्रेरित है।

**वीडियो शेयर कर व्हाइट हाउस ने क्या लिखा?**

व्हाइट हाउस के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर वीडियो साझा किया। इसके साथ ही लिखा, 'तेज धूप में हो या अंधेरी रात में, कोई बुराई मेरी नजर से नहीं बच पाएगी। जो लोग बुराई की ताकत की पूजा करते हैं, वे मेरी शक्ति से सावधान रहें। ग्रीन लैंटर्न की रोशनी!'

**वीडियो में क्या नजर आ रहा है?**

वीडियो में ट्रंप एक चमकती अंगूठी उठाते और एक चमकदार हरी सीमा दीवार बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो प्रशासन की आव्रजन नीतियों का संकेत है। इसके बाद वे अपनी शक्तियों का उपयोग अमेरिकी विनिर्माण और सैन्य प्रयासों को बढ़ाने के लिए करते हैं। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 31 अगस्त को एक वीडियो साझा किया था। इसमें वे खर्ग आईलैंड पर जोरदार धमाके होते नजर आ रहे थे। वीडियो साझा करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि द्वीप को 'टुकड़े-टुकड़े' किया जा रहा है।

**ट्रंप ने खर्ग आईलैंड को लेकर क्या कहा?**

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 'खर्ग आईलैंड के टुकड़े-टुकड़े किए जा रहे हैं।' हालांकि, उन्होंने इसके अलावा हमले को लेकर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की। ट्रंप के पोस्ट में दिखाई गई तस्वीरों में खर्ग आईलैंड पर बड़े धमाके होते नजर आ रहे हैं। खार्ग द्वीप ईरान का एक प्रमुख ऊर्जा केंद्र है, जो 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के हमलों के साथ युद्ध शुरू होने से पहले देश के लगभग 90% तेल निर्यात का संचालन करता था। द्वीप को कोई भी महत्वपूर्ण क्षति ईरान के तेल व्यापार को बाधित कर सकती है और उसकी अर्थव्यवस्था पर और दबाव डाल सकती है।

## फ्रांस में पहला हिंदू मंदिर: प्राण प्रतिष्ठा में 40 देशों से पहुंचे मेहमान; PM मोदी बोले- संबंध नई ऊंचाइयों पर



पेरिस में फ्रांस का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। 13 दिन चले आयोजन में 40 से ज्यादा देशों के संत, भक्त और मेहमान शामिल हुए। कैसा है पांच हजार वर्गमीटर में बना यह मंदिर, जिसमें भारतीय वास्तुकला और फ्रांसीसी तकनीक का मेल है? फ्रांस की राजधानी पेरिस में रविवार को देश का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बीएपीएस अक्षरधाम संस्थान के गुरु महंतस्वामी महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरा किया। इसमें यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और एशिया से आए संतों, भक्तों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। मंदिर का निर्माण प्राचीन भारतीय वास्तुकला और वैदिक शिल्पशास्त्र के आधार पर किया गया है। इसमें फ्रांसीसी आधुनिक तकनीक का भी सुंदर मेल देखने को मिलता है। 13 दिनों तक चले इस महोत्सव में 40 से अधिक देशों से लोग शामिल हुए। प्रतिष्ठा से पहले पेरिस में एक भव्य नगर यात्रा निकाली गई।

**14 रथों में निकली यात्रा**

यात्रा में 14 सुसज्जित रथों पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां सजाई गईं। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। यात्रा एफिल टावर और एकोल मिलिटेर से होते हुए प्लास द ला कॉनकॉर्ड तक पहुंची। यात्रा ने फ्रांस में भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म का नया अध्याय खोल दिया। यह मंदिर 5000 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है। ऊपरी तल पर पारंपरिक मंदिर और नीचे सांस्कृतिक केंद्र के रूप में हवेली बनाई गई है।

**पीएम मोदी ने वीडियो संदेश में क्या कहा?**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रभुपाद ने भारत के सांस्कृतिक आध्यात्मिक वैभव के पुनर्जागरण का अभियान शुरू किया था। आज उसका प्रकाश यूरोप समेत पूरी दुनिया में फैल रहा है। 2024 में अबू धाबी में भी एक भव्य मंदिर का लोकार्पण हुआ था। यह निर्माण संतों की संकल्प शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा, बीएपीएस स्वामी नारायण संस्था और करोड़ों हरि भक्तों को इस अवसर पर बधाई दी गई। बीएपीएस मंदिरों से भारत के प्राचीन विचार और मानवीय मूल्य प्रसारित होते हैं।

## बीमा है, तो न हों कर्ज के लिए परेशान: पॉलिसी के बदले सम इंश्योर्ड नहीं, सरेंडर वैल्यू पर आसानी से मिलता है लोन



कानपुर के कपड़ा कारोबारी शिशिर गुप्ता के न सामने पिछले महीने अचानक संकट खड़ा हो गया। शिशिर तुरंत उस बैंक में पहुंचे जहां उनका वर्षों पुराना करंट अकाउंट था। पूरा भरोसा था पर्सनल लोन मिल जाएगा। लेकिन सिबिल स्कोर 640 होने पर बैंक ने हाथ खड़े कर दिए।दूसरे गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान भारी-भरकम ब्याज और ऊंची प्रोसेसिंग फीस पर लोन की पेशकश कर रहे थे।

हताश होकर शिशिर अपने सीए के पास पहुंचे। सीए ने एलआईसी पॉलिसी के बदले कर्ज लेने की सलाह दी। बिना किसी सिबिल जांच और बिना किसी ईएमआई दबाव के, वो भी सामान्य ब्याज पर 48 घंटे के भीतर शिशिर के खाते में पैसे आ गए और उनका बीमा कवर भी सुरक्षित था।

**जानना जरूरी है: कब लें यह कर्ज?**

जब आपको 6 महीने से 1 साल के लिए तात्कालिक नकदी चाहिए और आप ऐसी पॉलिसी को मैच्योरिटी के करीब पहुंचकर तोड़ना नहीं चाहते, जिस पर अच्छा बोनस जुड़ रहा हो। यह 15-18% वाले महंगे क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन को टालने का सबसे कारगर साधन है।इसे कभी भी लंबी अवधि की उधारी न बनाएं। पारंपरिक एंडोमेंट पॉलिसियों का वास्तविक सालाना रिटर्न महज 5 से 6 फीसदी होता है, जबकि आप उसी पैसे पर 9 से 10 फीसदी ब्याज चुका रहे होते हैं। यदि आप लंबे समय तक मूलधन और ब्याज नहीं चुकाते, तो चक्रवृद्धि ब्याज आपकी पूरी मैच्योरिटी वैल्यू को खत्म कर देगा।

लोन अवधि के दौरान यदि पॉलिसीधारक के साथ कोई अनहोनी हो जाती है, तो बीमा कंपनी परिवार को पूरा क्लेम नहीं देगी। पहले बकाया लोन और ब्याज काटा जाएगा, बाकी बची रकम ही आश्रितों को मिलेगी।

**कैसे काम करता है पॉलिसी लोन ?**

शिशिर जैसी स्थिति देश के लाखों मध्यमवर्गीय परिवारों की होती है। अधिकांश भारतीय अपनी जीवन बीमा पॉलिसी को केवल एक भावनात्मक निवेश मानते हैं, यह सोचकर कि इसका फायदा उनके जाने के बाद ही परिवार को मिलेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि पॉलिसी चालू रहते हुए भी यह आपकी नकदी की तात्कालिक जरूरतों को पूरा कर सकती है। बीमा कंपनी या बैंक आपकी पॉलिसी के कुल सम इंश्योर्ड (बीमा कवर) पर नहीं, बल्कि उसकी सरेंडर वैल्यू के आधार पर कर्ज देते हैं। इसमें पॉलिसी सरेंडर नहीं होती, बल्कि केवल गारंटी के तौर पर गिरवी रखी जाती है।

**क्या हर पॉलिसी पर लोन मिलता है?**

नहीं, शुद्ध सुरक्षा वाले टर्म इंश्योरेंस में कोई सरेंडर वैल्यू नहीं होती, इसलिए इस पर कर्ज नहीं मिलता। कर्ज केवल उन पॉलिसियों पर मिलता है जिनमें बचत का हिस्सा जुड़ा हो, जैसे एंडोमेंट, मनी-बैक, होल लाइफ प्लान और चुनिंदा यूलिप। एलआईसी में आमतौर पर कम से कम तीन साल (सिंगल प्रीमियम में एक साल) प्रीमियम भरने के बाद यह सुविधा मिलती है। चालू पॉलिसी पर सरेंडर वैल्यू का 90% तक और पेड-अप पॉलिसी पर करीब 85% तक का कर्ज आसानी से मिल जाता है।

यदि आप सालाना ब्याज भी नहीं चुकाते, तो वह मूलधन में जुड़ जाता है और उस पर भी व्याज लगना शुरू हो जाता है। इससे बिना अतिरिक्त पैसे निकाले भी लोन बढ़ता चला जाता है।

यदि बकाया कर्ज और ब्याज की रकम बढ़कर पॉलिसी की सरेंडर वैल्यू के बराबर पहुंच गई, तो बीमा कंपनी तुरंत पॉलिसी जब्त कर लेगी और आपका लाइफ कवर वहीं खत्म हो जाएगा।

## 8वां वेतन आयोग: चेन्नई में आज से महामंथन, क्या सीधे 7% बढ़ेगी कर्मचारियों की सालाना सैलरी? जानिए गणित




**चेन्नई की यह बैठक इतनी खास क्यों है?**

आयोग की टीम पहली बार दक्षिण भारत पहुंची है, जिससे इस बैठक का महत्व काफी बढ़ गया है। इससे पहले बैठकें लखनऊ और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में हो चुकी हैं। शुरुआती दो दिन चेन्नई में बैठक होगी, जबकि तीसरे दिन पुडुचेरी में संगठनों से राय ली जाएगी। एजेंडे में फिटमेंट फैक्टर, महंगाई भत्ता (डीए), सालाना इंक्रीमेंट और पोस्टिंग-ट्रांसफर नियमों में बदलाव शामिल हैं।

**कर्मचारी संगठन सालाना इंक्रीमेंट कितना बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं?**

फिलहाल कर्मचारियों को सालाना 3% इंक्रीमेंट मिलता है, लेकिन संगठन इसे बढ़ाने के लिए दबाव बना रहे हैं। एनसी जेसीएम, ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉयीज फेडरेशन और पोस्टल ऑर्गनाइजेशन ने सालाना इंक्रीमेंट को 6% करने का प्रस्ताव दिया है। वहीं, ऑल इंडिया न्यू पेंशन स्कीम एप्लॉयी फेडरेशन ने इसे सीधे 7% सालाना करने की मांग 8वें वेतन आयोग के सामने रखी है।

**इंक्रीमेंट के अलावा और किन मांगों पर हो रही है चर्चा?**

इस बैठक में केवल सालाना इंक्रीमेंट ही नहीं, बल्कि हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) बढ़ाने पर भी संगठन जोर दे रहे हैं। इसके अलावा, केंद्रीय कर्मचारियों के स्थानांतरण (ट्रांसफर) और तैनाती (पोस्टिंग) नीतियों को पारदर्शी व सरल बनाने की मांग भी एजेंडे में शामिल है।

**इस बैठक के क्या दूरगामी परिणाम हो सकते हैं?**

8वें वेतन आयोग की दक्षिण भारत में हो रही यह बैठक केंद्रीय कर्मचारियों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। फिटमेंट फैक्टर और सालाना इंक्रीमेंट दरों पर लिया गया कोई भी फैसला सीधे तौर पर लाखों कर्मचारियों के जीवन स्तर को प्रभावित करेगा। चेन्नई और पुडुचेरी के इस अहम दौर के बाद आयोग के अंतिम फैसले पर देश भर के कर्मचारियों की नजरें टिकी रहेंगी।

8वें वेतन आयोग की चेन्नई में तीन दिवसीय बैठक शुरू। जानिए कैसे 7% सालाना इंक्रीमेंट की मांग से केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में होगा बंपर इजाफा। पूरी खबर पढ़ें। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता बेहद महत्वपूर्ण होने जा रहा है। 8वें वेतन आयोग की तीन दिवसीय बड़ी बैठक आज यानी 7 सितंबर 2026 से दक्षिण भारत में शुरू हो गई है। इतिहास में पहली बार आयोग की बैठक दक्षिण भारत में हो रही है। चेन्नई में 7-8 सितंबर की बैठक के बाद, 9 सितंबर को पुडुचेरी में आयोग कर्मचारी संगठनों से सीधा संवाद करेगा। बैठक के मुख्य एजेंडे में फिटमेंट फैक्टर, डीए और सालाना इंक्रीमेंट को बढ़ाकर 7% करने की मांग शामिल है।

अगर 7% की वेतन वृद्धि हुई, तो सैलरी पर क्या असर पड़ेगा?

सैलरी पर इसका असर बड़े गणित से समझा जा सकता है। फिलहाल लेवल 1 कर्मचारी का न्यूनतम बेसिक पे ₹18,000 है। 3% सालाना इंक्रीमेंट से 10 साल बाद यह बेसिक पे ₹23,500 पहुंच पाता है, यानी केवल ₹5,500 का फायदा होता है।

लेवल 8 के कर्मचारी का मौजूदा बेसिक पे ₹47,600 है। यदि 8वां वेतन आयोग फिटमेंट फैक्टर 2.15 तय करता है, तो बेसिक पे ₹1,02,340 हो जाएगा। 3% इंक्रीमेंट पर 10 साल बाद सालाना सैलरी ₹16,02,366 होगी। लेकिन यदि सालाना इंक्रीमेंट 5% किया जाए, तो 10 साल बाद यह ₹19,05,155 हो जाएगी (₹3 लाख का फायदा)। वहीं, यदि 7% इंक्रीमेंट लागू हुआ, तो 10 साल बाद सालाना सैलरी ₹22,57,775 हो जाएगी- यानी ₹6 लाख से अधिक का बंपर मुनाफा।

## वसीयत बनाना काफी नहीं, सही प्रारूप चुनें: यह महज जायदाद बांटने की चिट्ठी नहीं, कानूनी औजार है




एस्टेट प्लानिंग में वसीयत केवल जायदाद बांटने की चिट्ठी नहीं, बल्कि यह तय करने का कानूनी औजार है कि आपके न रहने पर क्या होना चाहिए और क्या बिल्कुल नहीं।नेक्सजेन एस्टेट प्लानिंग सॉल्यूशंस के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. दीपक जैन के अनुसार, वसीयत का चुनाव करते समय परिवार की जरूरतें, भावी पीढ़ियों और कानूनी पेचीदगियों को समझना अनिवार्य है।पारस्परिक व संयुक्त वसीयतः पारस्परिक वसीयत में पति-पत्नी अलग-अलग दस्तावेजों में एक-दूसरे को सब कुछ सौंपते हैं, लेकिन जीवित साथी को बाद में इसे बदलने का पूरा अधिकार रहता है। वहीं, संयुक्त वसीयत एक ही दस्तावेज पर बनती है। एक की मृत्यु के बाद जीवित साथी इसे अकेले बदल नहीं सकता।हस्तलिखित वसीयतः अपने हाथ से लिखी वसीयत। लिखावट साफ हो, तो अदालत में इस पर धोखाधड़ी या मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का आरोप लगाना लगभग नामुमकिन होता है।मौखिक वसीयतः आम नागरिकों के लिए यह अमान्य है (मुस्लिम पर्सनल लॉ में मान्य)। हालांकि, भारतीय कानून में युद्ध में तैनात सैनिकों और मर्चेंट नेवी अधिकारियों को आपात स्थिति में मौखिक वसीयत का विशेष अधिकार है, जिसे 60 दिनों में दर्ज कराना होता है।दंपतियों के लिए विशेषज्ञ संयुक्त वसीयत को प्राथमिकता देते हैं। दोनों के जीवित रहने तक वे भावनात्मक और वित्तीय रूप से मजबूत होते हैं। लेकिन किसी एक के जाने के बाद जीवित साथी अकेला और बच्चों पर निर्भर हो जाता है।

यदि सिर्फ 'मिरर या म्यूचुअल वसीयत' हो, तो बच्चे जीवित माता या पिता पर दबाव डालकर वसीयत बदलवा सकते हैं, जिससे परिवार में कलह बढ़ती है। संयुक्त वसीयत होने पर जीवित साथी कानूनी रूप से बंधा होता है और बच्चों के किसी भी दबाव को यह कहकर टाल सकता है कि वसीयत बदलना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

## व्यापार जगत: हवाई किराये में मनमानी पर आज सुप्रीम कोर्ट सुनवाई; 12 सितंबर की जीएसटी परिषद बैठक टली




हवाई किराये और अन्य शुल्क में विमानन कंपनियों की तरफ से मनमानी बढ़ोतरी को रोकने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। सामाजिक कार्यकर्ता एस लक्ष्मीनारायण ने यात्रियों के हितों की रक्षा के लिए स्वतंत्र नियामक बनाने की मांग की है। केंद्र ने 17 अगस्त को कोर्ट को बताया था कि वायुयान अधिनियम, 2024 के तहत नए नियमों को तीन सप्ताह में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की वजह से टली जीएसटी परिषद की बैठक

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की वजह से 12 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक टल गई है। अब यह सात अक्तूबर को होगी। दरअसल, भारत 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में सालाना ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। सीतारमण की अध्यक्षता वाली इस परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं और यह बैठक एक साल से अधिक वक्त के बाद हो रही है।

**यूरोप का प्रमुख डीजल आपूर्तिकर्ता बना भारत**

रूस से डीजल निर्यात पर जारी प्रतिबंधों और अमेरिका से आपूर्ति कमजोर पड़ने के बीच भारत यूरोप के लिए डीजल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बना है। ऊर्जा और माल ढुलाई क्षेत्र के रियल-टाइम आंकड़े उपलब्ध कराने वाली कंपनी वॉर्टेक्सा के अनुसार, अगस्त में बाब-अल-मंदेब मार्ग से यूरोप जाने वाले डीजल में करीब 60% हिस्सेदारी भारत की रही। अगस्त में यूरोप जा रहे जहाजों के जरिए इस मार्ग से प्रतिदिन करीब दो लाख बैरल डीजल गुजरा। एपल सरप्राइज एंड शाइन इवेंट्स में नौ सितंबर को नई स्मार्टवॉच, एयरपॉड्स और बड़े सॉफ्टवेयर अपडेट के साथ-साथ नई आईफोन रेंज भी पेश करेगी। इस दौरान कंपनी पहले फोल्डेबल आईफोन का एलान कर सकती है। यह कंपनी के स्मार्टफोन बाजार में बड़ा बदलाव हो सकता है।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की वजह से 12 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक टल गई है। अब यह सात अक्तूबर को होगी। दरअसल, भारत 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में सालाना ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। सीतारमण की अध्यक्षता वाली इस परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं और यह बैठक एक साल से अधिक वक्त के बाद हो रही है।कीमतों में उछाल के बीच सरकार ने प्याज के दामों पर अंकुश लगाने के लिए पिछले 10 दिनों में 17 शहरों में लगभग 4,000 टन प्याज सब्सिडी दरों पर बेचा है।

## सोने में तेजी का दौर अभी नहीं थमेगा: दीपावली तक 1.62 लाख रुपये पहुंच सकते हैं दाम; क्या अभी खरीदें?



चार साल में सोने का भाव 50 हजार से बढ़कर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। मुनाफावसूली के बावजूद तेजी की उम्मीद बनी हुई है। क्या दीपावली तक सोना 1.62 लाख रुपये तक पहुंच सकता है और अभी खरीदारी का मौका है? पढ़िए रिपोर्टघरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालिया दिनों में सोने में भले ही मुनाफावसूली दिख रही हो, लेकिन सोने की बुनियादी चमक पर कोई आंच नहीं आई है। 24 कैरेट सोने का घरेलू बेंचमार्क सितंबर 2022 के लगभग 50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से उछलकर सितंबर 2026 में 1.55 लाख रुपये के स्तर पर टिका हुआ है यानी महज चार साल में 210 फीसदी का बंपर रिटर्न।अंतरराष्ट्रीय बाजार में 29 जनवरी को सोना 5,608 डॉलर प्रति औंस के ऐतिहासिक शिखर पर पहुंचा था। वहां से 20 फीसदी फिसलकर अब यह 4,500 डॉलर के आसपास है। बाजार विश्लेषक इसे मंदी नहीं, बल्कि एक लंबे बुल-रन के बीच की हेल्दी प्रॉफिट बुकिंग मान रहे हैं।ना अब सिर्फ महंगाई से बचाव का पारंपरिक जरिया नहीं रहा। वैश्विक विखंडन के इस दौर में देश इसे डिफॉल्ट-मुक्त कोलैटरल और करेंसी अवमूल्यन के खिलाफ सबसे मजबूत संप्रभु ढाल के रूप में देख रहे हैं। रूस और तुर्की जैसे देश अपनी वित्तीय मजबूरियों और मुद्रा सुरक्षा के लिए सीमित बिक्री कर रहे हैं, लेकिन उभरते बाजारों की संस्थागत मांग उसकी तुरंत भरपाई कर रही है।

**घरेलू बाजार रुपये का मजबूत समर्थक**

इंडसइंड सिक्योरिटीज के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट जिगर त्रिवेदी के अनुसार, घरेलू बाजार में 1,49,000 रुपये का स्तर मजबूत सपोर्ट बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 4,400 डॉलर प्रति औंस का स्तर सुरक्षित रहने पर दिवाली तक घरेलू भाव 1,60,000 से 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। केंद्रीय बैंकों का डी-डॉलराइजेशन अभियान : 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस की 300 अरब डॉलर से अधिक की संप्रभु संपत्तियों को फ्रीज किया, जिसने दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की आंखें खोल दीं। विदेशी बैंकों में रखा डॉलर या बॉन्ड प्रतिबंधों की भेंट चढ़ सकता है, लेकिन अपनी तिजोरियों में रखे सोने पर किसी विदेशी शक्ति का नियंत्रण नहीं होता। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, केंद्रीय बैंक लगातार 1,000 टन से अधिक की सालाना खरीदारी कर रहे हैं।

## द बोनस मार्केट अपडेट: भारतीय बाजार की मिली-जुली शुरुआत, क्या कच्चे तेल की कीमतें निवेशकों के लिए चिंता का विषय




विश्लेषकों का कहना है कि निफ्टी के लिए शुक्रवार के उच्चतम स्तर और 50-दिवसीय ईएमए (लगभग 24,190) से ऊपर लगातार बढ़ोतरी महत्वपूर्ण है। यह बढ़ोतरी आगामी सत्रों में निफ्टी को 24,300-24,350 के क्षेत्र की ओर वापसी को बढ़ावा दे सकती है। वहीं, गिरावट की स्थिति में, यदि निफ्टी साप्ताहिक निचले स्तर 24,076 से नीचे टूटता है, तो निकट अवधि का दृष्टिकोण कमजोर हो सकता है। यह स्तर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन बिंदु है।टोक्यो समय के अनुसार दोपहर 12:09 बजे तक एसएंडपी 500 वायदा में थोड़ा बदलाव देखा गया। निक्केई 225 वायदा (ओएससी) में 0.4 फीसदी की गिरावट आई, जबकि जापान का टॉपिक्स 0.5 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.3 फीसदी गिरा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.1 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 0.2 फीसदी नीचे रहे। यूरो स्टॉक्स 50 वायदा में भी 0.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें लगातार 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। यह बढ़ती कीमतें वैश्विक अर्थव्यवस्था और कंपनियों के लाभ पर दबाव डाल सकती हैं।

भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव के बीच सकारात्मक रुख के साथ कारोबार समाप्त किया। ब्रेंट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें निवेशकों के लिए चिंता का कारण बनी हुई हैं। जानें निफ्टी के लिए आगे क्या है और वैश्विक बाजारों का हाल। भारतीय शेयर बाजार ने पिछले शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे दायरे में कारोबार किया। हालांकि, बाजार दिन के उच्चतम स्तर के करीब सकारात्मक क्षेत्र में बंद होने में सफल रहा। निवेशकों के लिए ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहना एक मुख्य चिंता का विषय है, जिससे बाजार की धारणा सतर्क बनी हुई है।आज, 1 सितंबर 2026 को सुबह 9:30 बजे, भारतीय बाजार में सेंसेक्स 76,952.08 पर खुला। इसमें पिछले बंद के मुकाबले 5.19 अंकों की मामूली गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी भी 24,065.05 पर खुला, जो 15.36 अंक नीचे था। घरेलू विकास में मजबूती, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण और पोर्टफोलियो से संबंधित निवेश प्रवाह के चलते मंगलवार सुबह रुपया 26 पैसे बढ़कर 94.96 प्रति अमेरिकी डॉलर पर कारोबार कर रहा था।ऊर्जा लागत में वृद्धि से महंगाई बढ़ने की आशंका रहती है। इससे केंद्रीय बैंकों पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव भी बना रह सकता है।

# बिग बॉस 20: माही विज के बॉसी नेचर से परेशान हुए कंटेस्टेंट भावुक हुईं ईशा रिखी जानें पहले दिन क्या रहा खास




Bigg Boss 20: रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का सफर रविवार से शुरू हो चुका है। अब शो से सामने आए प्रोमो में शुरुआत से ही घर में हंगामा देखने को मिल रहा है। जानिए पहले दिन क्या कुछ होगा खास।  रविवार को शो 'बिग बॉस 20' का ग्रैंड प्रीमियर हुआ और एक के बाद एक कंटस्टेंट की एंट्री देखने को मिली। इनमें माही विज, ईशा रिखी, मैरी कॉम जैसे सितारे नजर आए। अब सामने आए नए एपिसोड के प्रोमो में ही हंगामा देखने को मिल रहा है।

**माही विज से परेशान हुए कंटेस्टेंट**

‘बिग बॉस 20’ के घर को अभी ठीक से बसने का मौका भी नहीं मिला है, लेकिन एक्ट्रेस माही विज पहले ही घर में होने वाली पहली तकरार के बीच आ गई हैं। सोमवार के एपिसोड का प्रीव्यू ग्रैंड प्रीमियर के दौरान दिखाया गया, जिसमें कंटेस्टेंट्स माही के घर के कामों को लेकर दिए जा रहे ऑर्डर से परेशान नजर आए। पहली छोटी-सी तकरार तब होती है, जब महि विज टीवी एक्टर अमन गांधी से अपना सामान उठाने में मदद करने के लिए कहती हैं। अमन कहते हैं कि वह खुशी से उनकी मदद करेंगे, लेकिन इसके लिए माही से ‘प्लीज’ बोलने को कहते हैं।  इसी दौरान ‘पंचायत’ एक्टर आसिफ खान बिना कुछ कहे माही की मदद करने लगते हैं। इस पर माही, ‘प्लीज’ शब्द को लेकर अमन की बात पर मजाक करती हैं। इसके बाद वह गुस्से में वहां से चली जाती हैं और कहती हैं, 'प्लीज बोलूं मैं तेरेको, भक।'  लेकिन यह तो सिर्फ शुरुआत है। बाद में माही विज और ईशा रिखी के बीच किचन में चाय को लेकर पहली बार थोड़ी खींचा तानी देखने को मिलती है। माही, ईशा से पूछती हैं कि क्या उन्हें अच्छी और कड़क चाय बनानी आती है। इसके बाद वह उनसे कहती हैं कि 'तुम लड़कियों' को तो चाय बनानी आनी ही चाहिए। इस पर ईशा तुरंत जवाब देती हैं और माही से पूछती हैं कि 'फिर आप क्या हैं?' इसके बाद जब टीवी एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर अरिश्फा खान माही के भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती है। माही, अरिश्फा को चाय बनाने के लिए गाइड करती नजर आती हैं, तो अरिश्फा परेशान होकर कहती हैं

# मिर्जापुर द मूवी' ने रविवार को काटा बवाल

## हनुमान अंश' से मिली टक्कर जानें कितनी हुई कुल कमाई




Box Office Collection: रिलीज के एक महीने बाद भी 'हनुमान अंश' हाल ही में रिलीज हुई 'मिर्जापुर द मूवी' को कमाई के मामले में बराबर टक्कर दे रही है। जानें 'टॉक्सिक' समेत बाकी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कैसा हाल है।  इन दिनों हनुमान अंश अपनी शानदार कमाई के चलते काफी चर्चाओं में है। वहीं मिर्जापुर द मूवी ने भी बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त शुरुआत की है। टॉक्सिक की भी धीमी रफ्तार में कमाई जारी है। वहीं 'इरुमुडी' भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। जानिए इन सभी फिल्मों ने कल रविवार को कितना कलेक्शन किया है।

- 'टॉक्सिक' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन यश की फिल्म 'टॉक्सिक' 26 अगस्त को रिलीज हुई थी।
- फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन अब इसकी कमाई काफी कम हो गई है।
- अब ये फिल्म धीमी रफ्तार में कमाई कर रही है।
- कल रविवार को इसने 2.42 करोड़ की कमाई की।
- इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.75 करोड़ का हो गया है।

रवि तेजा की फिल्म 'इरुमुडी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। फिल्म ने रविवार को 6.75 करोड़ की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 166.30 करोड़ का हो गया है।

- मिर्जापुर द मूवी' का दबदबा  पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की है।
- फिल्म ने पूरी तरह वीकएंड का फायदा उठाया है।
- कल रविवार को इसने 36 करोड़ की कमाई की है।
- इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 93.77 करोड़ का हो गया है।
- फिल्म जल्द ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है।

फिल्म 'हनुमान अंश' ने अपनी कमाई से सबको हैरान कर दिया है। फिल्म को रिलीज हुए 31 दिन हो गए हैं  फिल्म 'हनुमान अंश' ने अपनी कमाई से सबको हैरान कर दिया है। फिल्म को रिलीज हुए 31 दिन हो गए हैं

# अब 25 साल का नहीं हूं:

## कैसी फिल्में करना चाहते हैं सैफ अली खान? सुनाया ‘हैवान’ के सेट पर हुए हादसे का किस्सा

Saif Ali Khan Exclusive Interview: सैफ अली खान की फिल्म ‘हैवान’ जल्द रिलीज होने वाली है। अमर उजाला से बातचीत में सैफ ने 18 साल बाद अक्षय के साथ काम करने, फिल्म के एक्शन सीक्वेंस, ओटीटी पर किरदारों को एक्सप्लोर करने और अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की। अभिनेता सैफ अली खान सैफ अली खान अब अपने करियर में एक अलग तरह के किरदारों की ओर बढ़ रहे हैं। अमर उजाला से हुई खास बातचीत में उन्होंने इस बारे में बात की। फिल्म ‘हैवान’ में वह नेत्रहीन शख्स के किरदार में हैं, जो हालात से लड़ता है, बेबस नहीं है। फिल्म में सस्पेंस, क्राइम और एक्शन है, जबकि अक्षय कुमार उनके सामने नेगेटिव रोल में हैं। पढ़िए बातचीत के कुछ प्रमुख अंश: प्रियदर्शन का मुझे इस तरह की स्क्रिप्ट ऑफर करना ही मेरे लिए काफी बड़ी बात थी। पढ़ने के बाद मुझे लगा कि मुझे भी थोड़ा शिफ्ट करना चाहिए। मैं कैसी फिल्में करूं? अब मैं चाहता हूं कि अजय देवगन जिस तरह की ‘दृश्यम’ टाइप फिल्में करते हैं, वैसी फिल्में करूं। खासकर थोड़ा मैच्योर होने के बाद मुझे लगा कि यह जॉनर मुझे सूट करेगा। अब मैं 25 साल का नहीं हूं। हैवान’ में सस्पेंस और थ्रिल है। हीरो अंधा है,




वह हत्या के मामले में फंसता है और उससे निकलने की कोशिश करता है। फिर एक्शन भी है। मुझे सबसे अच्छी बात यह लगी कि वह सिर्फ बेचारा नहीं है। ऐसे किरदार मनोवैज्ञानिक तौर पर बहुत फैसिनेटिंग होते हैं और मुझे लगता है कि लोग उनसे प्रभावित होते हैं। हां, इतना सहानुभूति वाला रोल है कि कभी-कभी दिल से आह निकलती है कि क्या-क्या हो रहा है इसके साथ। ऐसे रोल मुझे ज्यादातर मिलते नहीं हैं। मुझे थोड़े बिगड़े हुए लड़कों के रोल मिलते थे। यह रोल मुझे बहुत आसान लगा और बहुत मजा आया। ऐसे कैरेक्टर में आप बस खड़े हो, थोड़े थके हुए लगो और लोगों के दिल से निकले- ‘बेचारा, इसके साथ क्या-क्या हो रहा है।’ तो ऐसी और फिल्में होनी चाहिए और ऐसे कैरेक्टर्स होने चाहिए। हालांकि उसका बेचारापन उसकी कमजोरी नहीं है। वह टैलेंटेड है। उसकी मां ने उसे संगीत और वायलिन सिखाया है, इसलिए वह म्यूजिक टीचर है। उसके पिता ने उसे मार्शल आर्ट सिखाया है। उसमें एक खास क्षमता भी है, वह इतनी अच्छी तरह सुन सकता है कि हवा में उछली गेंद भी पकड़ सकता है। इसलिए इस किरदार को निभाना मेरे लिए वाकई मजेदार था। अक्षय के साथ हमने बहुत अच्छी फिल्में की हैं। हमारी रिलेशनशिप बड़े-छोटे नटखट भाई की तरह रही है। ‘टशन’ हमने की थी, वह चली नहीं, लेकिन एक बहुत अच्छी कोशिश थी। उसके बाद हमारे पास साथ काम करने के अच्छे ऑफर नहीं आए। लेकिन मैं खुश हूं कि ‘हैवान’ सिर्फ ‘अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी’ वाली फिल्म नहीं है। वह जमाना चला गया। इस बार रिश्ता बहुत अलग है। मैं हीरो हूं और अक्षय ने एक टफ, थोड़ा नेगेटिव रोल किया है। दिलचस्प बात यह है कि जब प्रियदर्शन जी मेरे साथ फिल्म पर काम कर रहे थे, दूसरे रोल के लिए कुछ एक्टर्स से बात चल रही थी। उसी दौरान वह अक्षय के साथ शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने अक्षय को बताया कि दूसरा रोल अभी तक कन्फर्म नहीं हुआ है।

# बॉलीवुड पार्टी: डिंपल कपाड़िया से नीतू सिंह तक

## डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला के इवेंट में पहुंचे कई सितारे




Celebs at Abu Jani Sandeep Khosla Event: मशूहर डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला ने आज मुंबई में एक भव्य इवेंट आयोजित किया। यहां कई चर्चित फिल्मी हस्तियों ने शिरकत की। मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी अबू जानी और संदीप खोसला ने रविवार 06 सितंबर को मुंबई में एक आलीशान स्टार-स्टडेड इवेंट का आयोजित किया। दरअसल, इस डिजाइनर जोड़ी ने फैशन जगत में 40 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए इवेंट रखा। यहां कई सितारों ने शिरकत करते हुए चार चांद लगा दिए। डिंपल कपाड़िया

दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया इस इवेंट में पहुंचीं। व्हाइट कलर के फ्लॉवर प्रिंट आउटफिट में उनका अंदाज बेहद खूबसूरत लगा। नव्या का अनोखा अंदाज

अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा भी इस सितारों से भरपूर पार्टी में पहुंचीं और अपने अंदाज से खूब लाइमलाइट लूटी। ओरी भी आए नजर

बी-टाउन की कोई भी पार्टी ओरी के बिना अधूरी है। डिजाइनर्स के इवेंट में भी वे अपने चिर-परिचित अंदाज में नजर आए।

कुशा कपिला का अलहदा अंदाज

कॉमेडियन, एक्ट्रेस और सोशल मीडिया की चर्चित हस्ती कुशा कपिला ने भी पार्टी में चार चांद लगा दिए। सोनम कपूर का रॉयल लुक

अभिनेत्री सोनम कपूर भी नजर आईं। उन्होंने शाही अंदाज से लाइमलाइट लूटी। व्हाइट कलर के आउटफिट में सोनम ने इवेंट में शिरकत की। इस इवेंट में अंबानी परिवार की बड़ी बहू श्लोका भी नजर आईं। उनके अलावा छोटी बहू रानी राधिका मर्चेंट ने भी शिरकत की। साथ ही नीता अंबानी और उनकी बेटी ईशा भी नजर आईं। दिग्गज अभिनेत्री नीतू सिंह ने भी इस इवेंट में हिस्सा लिया। वे व्हाइट कलर के आउटफिट में नजर आईं। उन्होंने पैप्स को भी पोज दिए।

# ओटीटी रिलीज: इस सप्ताह ओटीटी पर होगा 'घमासान'क्रांति की मशाल लेकर निकलेंगे 'सिरफिरे', क्या-क्या होगा खास?




OTT Releases This Week: नए वीक की शुरुआत हो गई है। कुछ नई फिल्में और सीरीज की आमद होगी। जानिए क्या-क्या है इस बार लिस्ट में? सिनेमाघरों में इन दिनों फिल्म 'हनुमान अंश' की खूब चर्चा हो रही है। इसके अलावा 'मिर्जापुर द मूवी' भी आ गई है। 'हैवान' इस सप्ताह थिएटर में आने वाली है। वहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी इस वीक खूब घमासान होने वाला है। जानिए क्या-क्या है इस बार ओटीटी के पिटारे में? आगामी वेब सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' इस सप्ताह रिलीज होगी। यह सीरीज सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और भारत के स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है। निखिल आडवाणी निर्देशित यह ऐतिहासिक ड्रामा सीरीज 11 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसमें भुवन बाम, रोहित सराफ, प्रतिभा रांटा और गुरफतेह पीरजादा अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, जेसन शाह, पाओली डैम और टोटा रॉय चौधरी भी महत्वपूर्ण किरदार अदा करेंगे।  इस वीक फिल्म 'घमासान' भी रिलीज होने जा रही है। अरशद वारसी और तिग्मांशु धूलिया अभिनीत फिल्म एक कुख्यात डाकू महाराज और एसटीएफ अधिकारी आदित्य की कहानी पर आधारित है। दर्शक इसे 11 सितंबर से जी5 पर देख पाएंगे। बता दें कि फिल्म का निर्देशन तिग्मांशु धूलिया ने किया है। अभिनेता अरशद वारसी इस फिल्म में डाकू की भूमिका में नजर आएंगे।  ओटीटी पर इस वीक आपको मोगली की कहानी भी देखने को मिलेगी। एनिमेटिड सीरीज 'जंगल टेल्स विद मोगली' जो रिलीज हो रही है। इसे बच्चों के साथ देख सकते हैं। यह सीरीज 12 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस वीक वेब सीरीज चुंबक भी रिलीज होने वाली है। इसमें मोहल्ले में आस-पड़ोस के घरों के बीच के पारिवारिक और आत्मीय रिश्तों को दिखाया जाएगा। इस सीरीज में नीना गुप्ता, देवेन भोजानी, अमायरा दस्तूर, अर्जुन बिजलानी, अनंत वी जोशी और हेली शाह समेत कई सितारे हैं। इस सीरीज का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 10 सितंबर से होगा।

# Aaj ka Rashifal 07 September

## तुला और कुंभ राशि वालों के लिए आज बन रहे हैं शुभ योग, नए अवसरों से बदल सकती है किस्मत

7 सितंबर 2026 का दिन मेष से मीन राशि तक सभी जातकों के लिए खास रहने वाला है। जानें आज किस राशि को मिलेगा धन, करियर और प्रेम में लाभ और किन्हें रहना होगा सावधान।

7 सितंबर 2026, सोमवार का दिन ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। आज कुछ जातकों को नौकरी, कारोबार और आर्थिक मामलों में अच्छे अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ लोगों को महत्वपूर्ण फैसले लेते समय सावधानी बरतनी होगी। प्रेम और दांपत्य जीवन में भी आज उतार चढ़ाव देखने को मिल सकता है। किसी राशि के रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी, तो किसी को गलतफहमी से बचने की सलाह दी जाती है। मेष से मीन राशि तक आज का दिन हर राशि के लिए अलग संकेत लेकर आया है।




नौकरी में तरक्की के योग हैं या बदलाव के संकेत, व्यापार में लाभ मिलेगा या चुनौतियां सामने आएंगी, धन की स्थिति कैसी रहेगी और प्रेम जीवन में क्या नया होने वाला है? परिवार और स्वास्थ्य के मामले में सितारे क्या कहते हैं, यह भी जानना जरूरी है। आइए जानते हैं 7 सितंबर 2026 का आज का राशिफल और सभी 12 राशियों के लिए दिन कैसा रहने वाला है।

### मेष

आज का दिन नई उम्मीद और राहत लेकर आ सकता है। लंबे समय से अटका हुआ कोई काम आखिरकार पूरा होने से मन हल्का और खुश महसूस करेगा। जीवनसाथी के साथ चल रही दूरियां बातचीत और समझदारी से कम होंगी और रिश्ते में फिर से मिठास लौटेगी। आप दोनों भविष्य को लेकर साथ बैठकर नई योजनाएं बना सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए भी समय अच्छा है। किसी बड़े पद, जिम्मेदारी या सम्मान की प्राप्ति से आत्मविश्वास काफी बढ़ सकता है।

### वृषभ

आज कुछ प्रभावशाली और खास लोगों से मुलाकात आपके करियर या कारोबार के लिए नए अवसर ला सकती है। हालांकि, दूर रहने वाले किसी रिश्तेदार से मिली खबर थोड़ी चिंता बढ़ा सकती है। संतान की नौकरी में तरक्की से परिवार में गर्व और खुशी का माहौल बनेगा। पुराने प्यार से अचानक मुलाकात भावनाओं को जगा सकती है, लेकिन बीती बातों में ज्यादा उलझना ठीक नहीं रहेगा। बैंक लोन या फाइनेंस से जुड़ी अड़चनें भी आज दूर होने की संभावना है।

### मिथुन

आज आपकी सूझबूझ और सही समय पर फैसला लेने की क्षमता आपको दूसरों से आगे रखेगी। विरोधियों की बातों में आकर कोई जल्दबाजी वाला कदम न उठाएं। संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। नौकरी में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए जूनियर का सहयोग भी काफी उपयोगी रहेगा। काम की अधिक व्यस्तता से थकान महसूस हो सकती है, लेकिन भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताने से मूड बेहतर होगा। घर में शादी-विवाह की चर्चा भी तेज हो सकती है।

### कर्क

आज वैवाहिक जीवन में प्यार, समझ और आपसी सहयोग का खूबसूरत तालमेल देखने को मिलेगा। माताजी से किया हुआ कोई वादा पूरा करने का अवसर मिलेगा, जिससे मन को संतोष होगा। नई प्रॉपर्टी खरीदने या बेचने का विचार बन सकता है, लेकिन अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेकर ही आगे बढ़ें। कारोबार में आपके नए विचार नई ऊंचाइयों का रास्ता खोल सकते हैं। ऑफिस में भी आपके काम की तारीफ होगी और बॉस आपके प्रदर्शन से प्रभावित रहेंगे। कोई खास सूचना दिन को और यादगार बना सकती है।

### सिंह

आज खुशियां और उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। कोई महत्वपूर्ण जानकारी आपके सामने नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है। परिवार के साथ बिताया गया समय रिश्तों में अपनापन और मजबूती बढ़ाएगा। लंबे समय से अटकी हुई बिजनेस डील आखिरकार फाइनल होने की उम्मीद है। ऊर्जा और उत्साह भरपूर रहेगा, जिससे आप कई जरूरी काम समय से पहले पूरे कर सकते हैं। संतान के साथ घूमने-फिरने का कार्यक्रम बने तो दिन और भी खास हो जाएगा।

### कन्या

आज आर्थिक मामलों में भाग्य आपका अच्छा साथ दे सकता है। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के संकेत हैं और आय में बढ़ोतरी से मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के लिए कोई खास चीज खरीदना रिश्ते में प्यार और अपनापन बढ़ाएगा। हालांकि निवेश से जुड़े फैसले जल्दबाजी में न लें और पूरी जानकारी के बाद ही कदम उठाएं। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों के लिए नए अवसर सामने आ सकते हैं। सही विकल्प चुनने से करियर को नई दिशा मिल सकती है।

### तुला

आज दिन काफी व्यस्त और भागदौड़ भरा रह सकता है। कोशिश करें कि जरूरी काम खुद संभालें और हर छोटी बात के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें। किसी पार्टी या समारोह में जाने का मौका मिल सकता है, जहां आपकी बातचीत और व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेंगे। यात्रा या घूमने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। वहीं किसी पुराने मित्र से मुलाकात बीती यादें ताजा करके आपका दिन खुशनुमा बना सकती है।

### वृश्चिक

आज सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, इसलिए खान-पान और आराम पर विशेष ध्यान दें। अचानक किसी यात्रा की योजना बन सकती है। कारोबार की कोई पुरानी समस्या भाई-बहनों के सहयोग से सुलझने की उम्मीद है। विद्यार्थियों के भीतर कुछ नया सीखने और अलग करने की इच्छा जागेगी, जो आगे उनके लिए फायदेमंद हो सकती है। परिवार में आपसी अपनापन बढ़ेगा और रिश्तेदारों के साथ संबंध मजबूत होंगे। अपनों का साथ आपको भावनात्मक मजबूती देगा।

### धनु

आज मन की कोई इच्छा पूरी न होने से थोड़ी बेचैनी या निराशा महसूस हो सकती है। काम में भी मन कम लगे तो खुद को सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखना बेहतर होगा। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। जीवनसाथी के साथ किसी छोटी बात पर मतभेद बढ़ सकता है, इसलिए बहस के बजाय धैर्य से बात करें। कार्यक्षेत्र में भी विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी होगा और किसी के बहकावे में आने से बचें।

### मकर

आज अचानक धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पुराना अटका हुआ पैसा भी वापस मिल सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी खबर का इंतजार खत्म हो सकता है। घर में नए मेहमान के आने से खुशियों की रौनक बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ चल रही खटास को दूर करने के लिए आप दिल से प्रयास करेंगे। हालांकि, किसी सहयोगी की कही बात आपको थोड़ी परेशान या भावुक कर सकती है।

### कुंभ

आज का दिन सामान्य से बेहतर और कुछ नई संभावनाओं वाला रह सकता है। अचानक यात्रा के योग बन सकते हैं। संतान ने किसी परीक्षा में हिस्सा लिया था तो उसका परिणाम आपके लिए खुशी लेकर आ सकता है। नई नौकरी के लिए किया गया प्रयास भी सफल होने की उम्मीद है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए रास्ते खुल सकते हैं और भविष्य को लेकर उत्साह बढ़ेगा। हालांकि, आर्थिक मामलों में सावधानी रखें और जरूरत न हो तो किसी भी परिस्थिति में उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा।

### मीन

आज कारोबार में उतार-चढ़ाव के कारण मन थोड़ा अस्थिर रह सकता है। पार्टनरशिप से जुड़े मामलों में विशेष सावधानी रखें और किसी भी दस्तावेज या समझौते को बिना पढ़े स्वीकार न करें। दूसरों के निजी मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देने से बचें। पूजा-पाठ और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताने से मन को शांति मिलेगी। माताजी के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत हो सकती है। अपनी जिम्मेदारियों को टालना ठीक नहीं होगा, क्योंकि आज की लापरवाही आगे चलकर परेशानी बढ़ा सकती है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## कर्क और मीन राशि वालों के लिए प्यार भरा रहेगा दिन, दूर होंगी गलतफहमियां



7 सितंबर 2026 का लव राशिफल प्रेम और रिश्तों के लिहाज से खास रहने वाला है। कुछ राशियों के रिश्तों में प्यार और नजदीकियां बढ़ेंगी, जबकि कुछ को गलतफहमियों से बचने की जरूरत होगी। जानें मेष से मीन तक सभी राशियों की लव लाइफ का आज का हाल।

7 सितंबर 2026 का दिन प्रेम संबंधों के लिए कई उतार-चढ़ाव लेकर आ सकता है। किसी के रिश्ते में प्यार और विश्वास बढ़ेगा, तो किसी को छोटी-सी बात को लेकर पार्टनर से मनमुटाव का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग सिंगल हैं, उनके लिए भी आज किसी खास व्यक्ति से बातचीत या मुलाकात की शुरुआत हो सकती है। विवाहित जातकों के लिए जीवनसाथी का सहयोग रिश्ते को मजबूत करेगा, जबकि प्रेमी जोड़ों को एक-दूसरे की भावनाओं को समझने की जरूरत होगी। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आज आपकी लव लाइफ कैसी रहेगी

## साप्ताहिक राशिफल (7 से 13 सितंबर): मेष-सिंह के लिए शुभ, तुला की बढ़ेगी भागदौड़, पढ़ें 12 राशियों का हाल




सितंबर का दूसरा सप्ताह धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। ऐसे में आइए जानते हैं 07 से 13 सितंबर 2026 तक का साप्ताहिक राशिफल।

सितंबर का दूसरा सप्ताह यानी 7 से 13 सितंबर 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस दौरान 7 सितंबर को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेंगे, हां उसे मजबूत स्थिति में माना जाता है। इससे बुद्धि, तर्क, व्यापार, शिक्षा और करियर से जुड़े मामलों में सकारात्मक बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। वहीं 11 सितंबर को अमावस्या का प्रभाव भी रहेगा, जिससे कई राशियों के लिए नई शुरुआत और योजनाओं में बदलाव के योग बनेंगे। इस सप्ताह कुछ लोगों को आर्थिक और पेशेवर मामलों में लाभ मिल सकता है, जबकि कुछ राशियों को जल्दबाजी और अनावश्यक खर्च से बचना होगा। आइए जानते हैं 7 से 13 सितंबर 2026 तक का साप्ताहिक राशिफल।

**मेष**

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह भी बीते हफ्ते की तरह अत्यंत ही शुभ, लाभप्रद और प्रगतिदायक कहा जाएगा। इस सप्ताह किस्मत के सितारे आप पर पूरी तरह से मेहरबान रहेंगे, जिसके कारण आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। अधिकारी वर्ग आपके कामकाज से प्रसन्न रहेगा और सहकर्मी आपका पूरा सहयोग और समर्थन करेंगे। सप्ताह के मध्य में आपको किसी कार्य विशेष के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है। इस दौरान आपका मन धार्मिक-सामाजिक कार्यों में ज्यादा लगेगा। युवाओं का अधिकांश समय मौज-मस्ती करते हुए बीतेगा। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं तो उसकी प्राप्ति में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

विद्यार्थी वर्ग अध्ययन में एकाग्रता महसूस करेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध कहीं ज्यादा शुभ एवं लाभप्रद रहेगा। इस दौरान कारोबारी मामलों में अनुकूलता रहेगी। बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में आप सफल रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरीपेशा वर्ग की आय के नये स्रोत बनेंगे। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ नजदीकियां और आपसी विश्वास बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

**उपाय:** प्रतिदिन स्फटिक के श्रीयंत्र की पूजा और श्री महालक्ष्मी अष्टकं का पाठ करें।

## आज का अंक ज्योतिष 07 सितंबर: मूलांक 1 और 8 वालों की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत, कारोबार में मिल सकता है लाभ




7 सितंबर 2026 का अंक ज्योतिष मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए खास संकेत लेकर आया है। जानें आज आपका लकी नंबर क्या कहता है और करियर, धन, प्रेम व सेहत के मामले में आपका दिन कैसा रहेगा।

7 सितंबर 2026 का दिन अंक ज्योतिष के अनुसार मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए कई महत्वपूर्ण संकेत लेकर आया है। आज ग्रहों की स्थिति और अंकों के प्रभाव से कुछ लोगों को करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ जातकों को आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। प्रेम और पारिवारिक जीवन में भी आज के अंक आपके लिए कई संकेत दे रहे हैं। अगर आप जानना चाहते हैं कि आज आपका लकी नंबर कौन सा है नौकरी और कारोबार में दिन कैसा रहेगा धन से जुड़े मामलों में लाभ मिलेगा या नहीं और प्रेम जीवन में क्या बदलाव देखने को मिल सकता है, तो अपना मूलांक जरूर देखें। जानिए मूलांक 1 से 9 तक के सभी जातकों के लिए 7 सितंबर 2026 का आज का अंक ज्योतिष।

## सूर्य-केतु युति 2026: 17 सितंबर तक इन राशि वालों का समय रहेगा गोल्डन, करियर-धन में मिलेगा बड़ा लाभ




**Surya Ketu Yuti 2026:** 17 सितंबर 2026 को सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। तब तक सूर्य-केतु की यह युति प्रभावी रहने वाली है, जिससे कुछ राशियों को विशेष लाभ संभव है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**Surya Ketu Yuti 2026:** ज्योतिषियों के अनुसार, सूर्य अभी अपनी राशि सिंह में गोचर कर रहे हैं और यहां उनकी युति केतु के साथ बन रही है। सूर्य-केतु की यह युति कुछ राशि वालों के लिए विशेष लाभकारी साबित हो सकती है। माना जा रहा है कि, 17 सितंबर 2026 को सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। तब तक सूर्य-केतु की यह युति प्रभावी रहने वाली है। ऐसे में तबतक कुछ राशियों का समय बेहद कल्याणकारी रह सकता है। इस दौरान जातकों को करियर, नौकरी, व्यापार और निवेश से जुड़े मामलों में अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। साथ ही कई अटके कामों में गति आने और नए अवसर मिलने के भी योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं कौन-सी राशियां इस दौरान लकी रहने वाली हैं।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों को इस दौरान धन लाभ हो सकता है। करियर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। यदि आप किसी काम को लेकर लंबे समय से प्रयास कर रहे थे तो उसमें सफलता मिल सकती है। कारोबार के क्षेत्र में भी सकारात्मक अवसर सामने आ सकते हैं। आपका अधिकांश समय मौज-मस्ती और दोस्तों के साथ बित सकता है। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। पैतृक संपत्ति से आपको अच्छा खासा धन अर्जित करने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशि**

सिंह राशि वालों को नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। करियर के मोर्चे पर नई जिम्मेदारी मिलने के भी योग बन रहे हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभकारी साबित हो सकती है। आपका मन धार्मिक-सामाजिक कार्यों में ज्यादा लगेगा। इस दौरान आपके कई काम मनचाहे तरीके से पूरे हो सकते हैं। घर में लंबे समय से अटका कोई जरूरी काम भी पूरा होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और क्षमता की सराहना हो सकती है। ईमानदारी आपके रिश्ते को मजबूत बनाएगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलने की संभावना अधिक रहेगी।

## महिला एशिया कप: भारत जीता तो फिर ट्रॉफी पर फंस सकता है पेच फाइनल देखने पहुंच सकते हैं नकवी ड्रामे की आशंका




एशिया कप में एक बार फिर ट्रॉफी को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक एसीसी और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी 13 सितंबर को होने वाले महिला एशिया कप फाइनल में चीफ गेस्ट होंगे। अगर हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत खिताब जीतता है तो नकवी से ट्रॉफी लेने को लेकर फिर गतिरोध की आशंका है। एशिया कप की ट्रॉफी को लेकर पिछले साल हुआ इसका विवाद अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और अब महिला एशिया कप में भी ऐसा ही मामला सामने आने की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी 13 सितंबर को होने वाले महिला एशिया कप फाइनल के लिए दुबई में मौजूद रहेंगे। उन्हें समापन समारोह का मुख्य अतिथि बनाया गया है। नकवी के फाइनल में मौजूद रहने और विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने की संभावना के कारण 2025 के पुरुष एशिया कप फाइनल जैसा विवाद दोबारा खड़ा होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। जियो सुपर की रिपोर्ट के मुताबिक, मोहसिन नकवी 13 सितंबर को महिला एशिया कप के फाइनल में शामिल होंगे। उन्हें टूर्नामेंट के समापन समारोह के लिए चीफ गेस्ट बनाया गया है। ऐसे में अगर भारतीय महिला टीम फाइनल में पहुंचकर खिताब जीतती है तो ट्रॉफी सौंपने को लेकर स्थिति पेचीदा हो सकती है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट में खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है और वह पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। ऐसे में अगर भारत फाइनल जीतता है तो टीम और नकवी के बीच ट्रॉफी लेने को लेकर फिर गतिरोध पैदा होने की संभावना जताई जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया मुकाबले के दौरान भी दोनों टीमों के कप्तानों के बीच हैंडशेक नहीं हुआ था

## भारत पर 10 विकेट की जीत बनी पाकिस्तान की मुसीबत? पूर्व कप्तान का अजीबोगरीब बयान कहा- इससे खिलाड़ी घमंडी बने




पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने टीम के मौजूदा संकट के लिए 2021 टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मिली 10 विकेट की जीत को भी जिम्मेदार बताया है। उनका कहना है कि उस जीत के बाद खिलाड़ियों में उपलब्धि हासिल करने का भाव आया और कप्तानी की होड़ ने ड्रेसिंग रूम में समस्याएं पैदा कीं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने टीम के मौजूदा संकट को लेकर बड़ा बयान दिया है। यूसुफ का मानना है कि 2021 टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की 10 विकेट की जीत टीम के लिए बड़ी उपलब्धि होने के बावजूद आगे चलकर परेशानी का कारण बन गई। उन्होंने कहा कि उस जीत के बाद कुछ खिलाड़ियों को लगा कि उन्होंने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है और इसके बाद टीम के सामने आगे क्या करना है, इसे लेकर समस्या पैदा हुई। 2021 टी20 विश्व कप में दुबई में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 152 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया था। पाकिस्तान के लिए यह भारत के खिलाफ विश्व कप में पहली जीत भी थी। हालांकि, करीब पांच साल बाद मोहम्मद यूसुफ का मानना है कि यह जीत पाकिस्तान क्रिकेट के लिए नुकसानदायक साबित हुई। यूसुफ ने कहा, '2021 में भारत के खिलाफ जो मैच हमने जीता था, उसने हमें बहुत नुकसान पहुंचाया। क्योंकि उस जीत के बाद खिलाड़ियों को लगने लगा कि उन्होंने कुछ बहुत बड़ा हासिल कर लिया है। वे यह नहीं समझ पाए कि इसके बाद उन्हें क्या करना है।'
पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने खिलाड़ियों के रवैये को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी खिलाड़ियों को विनम्र बने रहना चाहिए और किसी तरह का घमंड परेशानी पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, 'जब आप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों तो आपको विनम्र बने रहना चाहिए। अगर आप अकड़ के साथ व्यवहार करेंगे और दूसरों के प्रति अनादर दिखाएंगे, तो समस्याएं आएंगी। और पाकिस्तान क्रिकेट में ऐसी बहुत सी समस्याएं आई हैं।

## सैमसन-श्रीसंत के बीच क्यों नहीं हुआ हैंडशेक: क्या दोनों के बीच अनबन?

केरल क्रिकेट लीग 2026 के फाइनल के बाद पुरस्कार समारोह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें श्रीसंत मंच पर मौजूद सभी लोगों से हाथ मिलाते दिखे, लेकिन संजू सैमसन से हैंडशेक नहीं किया। इससे दोनों के बीच अनबन की अटकलें लगने लगीं। हालांकि, दोनों ने मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। केरल क्रिकेट लीग 2026 के फाइनल के पुरस्कार समारोह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीसंत मंच पर मौजूद सभी लोगों से हाथ मिलाते नजर आते हैं, लेकिन संजू सैमसन से उनका हैंडशेक नहीं होता। इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों के बीच संभावित अनबन को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगने लगीं। हालांकि, इस मामले पर न तो संजू सैमसन और न ही श्रीसंत ने आधिकारिक तौर पर कुछ कहा है।श्रीसंत ने सभी से मिलाया हाथ, सैमसन से नहीं
केरल क्रिकेट लीग 2026 के फाइनल की प्रस्तुति समारोह में संजू सैमसन ट्रॉफी और अन्य अधिकारियों के साथ पहले से मंच पर मौजूद थे। इसी दौरान श्रीसंत भी मंच पर पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से हाथ मिलाया। हालांकि, वायरल वीडियो में श्रीसंत और सैमसन के बीच हैंडशेक होता हुआ नजर नहीं आया। इस छोटे से पल ने सोशल मीडिया पर काफी चर्चा छेड़ दी। प्रशंसक दोनों के बीच संभावित मतभेद की वजह को लेकर कयास लगाने लगे।
वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने इस घटना को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं दीं, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों ने हाथ क्यों नहीं मिलाया। संजू सैमसन और श्रीसंत दोनों की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।
सैमसन को लेकर वसीम जाफर ने भी कही थी बड़ी बात
इस घटना से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने संजू सैमसन के वनडे भविष्य को लेकर अपनी राय रखी थी। जाफर ने कहा था कि वह सैमसन को 2027 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए बैकअप ओपनर के तौर पर नहीं देखते हैं। उन्होंने सैमसन की निरंतरता को लेकर सवाल उठाए और कहा कि उन्हें केवल टी20 क्रिकेट खेलने के लिए छोड़ देना चाहिए। दूरदर्शन के 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में बात करते हुए जाफर ने 2027 वनडे विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम की संभावित योजना पर विस्तार से अपनी राय रखी।
वनडे में सैमसन से बेहतर विकल्प हैं'
बैकअप ओपनर के तौर पर सैमसन की भूमिका को लेकर सवाल पूछे जाने पर जाफर ने कहा कि वनडे क्रिकेट में पारी के बीच के ओवरों में निरंतरता और तकनीकी रूप से बेहतर खेल की जरूरत होती है। उनके मुताबिक भारत के पास ऐसे कुछ अन्य विकल्प हैं, जो इस प्रारूप की जरूरतों के हिसाब से बेहतर हैं।
जाफर ने कहा, 'मैं संजू सैमसन को 2027 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए बैकअप ओपनर के तौर पर नहीं देखता। मुझे लगता है कि उनकी निरंतरता को लेकर थोड़ी समस्या है। वनडे क्रिकेट में आपको थोड़ी अधिक निरंतरता की जरूरत होती है, क्योंकि क्रीज पर खेलने के लिए अधिक समय होता है। संजू ने निश्चित रूप से अपने पिछले वनडे में शतक लगाया है, लेकिन उन्होंने काफी वनडे क्रिकेट खेला है और निरंतरता उनके लिए समस्या रही है। मुझे लगता है कि भारत के पास संजू सैमसन से कुछ बेहतर विकल्प हैं। मुझे लगता है कि संजू को सिर्फ टी20 क्रिकेट खेलने के लिए छोड़ देना चाहिए।'
भारत 2027 वनडे विश्व कप के लिए अपनी मुख्य टीम और शीर्ष क्रम के संयोजन का आकलन कर रहा है। ऐसे में जाफर की टिप्पणी सैमसन के वनडे भविष्य को लेकर चर्चा को और बढ़ाती है। वहीं, श्रीसंत और सैमसन के वायरल वीडियो ने अब सोशल मीडिया पर एक अलग तरह की बहस छेड़ दी है।





## गिनीज बुक में दर्ज: 100 km दौड़कर गेंद फेंकी एंड्रयू स्ट्रॉस की दिवंगत पत्नी की याद में सैम ने बनाया रिकॉर्ड

इंग्लैंड के सैम बोडोआनो ने गेंद फेंकने के लिए करीब 100 किलोमीटर का रनअप लेकर अनोखा कारनामा किया। उन्होंने 14 घंटे में लॉर्ड्स से वोकिंग तक दौड़ पूरी की और इसके बाद गेंद फेंकी। इस प्रयास से कैंसर चैरिटी के लिए 6,000 पाउंड जुटाए गए। सैम ने गिनीज बुक के लिए आवेदन भी किया है। आपने एक गेंद फेंकने के लिए सबसे लंबा रनअप किस गेंदबाज का देखा है? निश्चित तौर पर आप जिन्हें याद करेंगे, उन सभी का रनअप 30 गज के सर्किल के आसपास से शुरू होता था। लेकिन इंग्लैंड के सैम बोडोआनो ने मीटर नहीं, बल्कि 100 किलोमीटर लंबा रनअप लेकर दौड़ लगाने के बाद गेंद फेंककर विश्व रिकॉर्ड के लिए दावा ठोका है। सैम बोडोआनो ने इस अनूठे कारनामे से कैंसर चैरिटी के लिए 6,000 पाउंड (करीब 7.65 लाख रुपये) जुटाए हैं, जो 'द रूथ स्ट्रॉस फाउंडेशन' को मिलेंगे। इसकी स्थापना इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने अपनी दिवंगत पत्नी रूथ की याद में कैंसर पीड़ित मरीजों की मदद के लिए की है। 46 साल की रूथ का निधन फेफड़ों के एक दुर्लभ कैंसर से जूझने के बाद हुआ था।
14 घंटे में पूरी हुई दौड़
सैम बोडोआनो ने 29-30 अगस्त की रात लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम से अपने रनअप पर दौड़ना शुरू किया। वह क्रिकेट की सफेद ड्रेस पहने हुए थे। यहां से उन्हें करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित सरे के वोकिंग स्थित वैली एंड क्रिकेट क्लब पहुंचकर गेंद फेंकनी थी। उन्होंने यह दौड़ करीब 14 घंटे तक दौड़ते हुए पूरी की।
गिनीज बुक में भेजा नाम
बोडोआनो ने 2024 में बने टॉम डन के 24 किलोमीटर दौड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए सैम ने आवेदन कर दिया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के नियमों के अनुसार, बोडोआनो के प्रयास की अब औपचारिक सत्यापन प्रक्रिया होगी। इसके बाद ही इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता दी जाएगी। इसमें करीब दो सप्ताह का समय लगता है।
सैम बोडोआनो ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, 'पूरे समय गेंद को पकड़े रहना झंझट भरा था। आश्चर्य है कि सफेद जर्सी पहनना उतना असहज नहीं था, जितना सोचा था। मैं थका हुआ हूं। नींद पूरी नहीं हुई, लेकिन यह अद्भुत उद्देश्य के लिए था।' सैम ने लिंक्डइन पर खुद को कंटेंट क्रिएटर, एंड्यूरेंस एथलीट के साथ इंग्लैंड की हॉकी प्रीमियर लीग का खिलाड़ी बताया है।



लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300
















